जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

## Rashtradoot

जयपुर, गुरुवार 8 अगस्त, 2024



## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# आम लोगों की जेब पर भारी पड़ती सुविधाओं के नाम पर बैंकों की वसूलियां

पिछले पांच सालों में एसबीआई को छोड़ शेष 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने केवल और केवल मिनिमम बैलेंस के नाम पर 8 हजार 500 रु. करोड़ रु. की कमाई की है। इसका साफ साफ अर्थ है कि गरीब आदमी के खातों से साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए तो इन बैंकों में न्यूनतम बैलेंस ना रख पाने के कारण गवाने पड़े हैं। यह तो तब है जब देश के सबसे बड़े बैंक ने 2019-20 में न्यूनतम बैलेंस की पैनेल्टी के रुप में 640 करोड़ जुर्माना के रुप में वसूलने के बाद न्यूनतम बैलेंस पर पेनेल्टी लगाने का आदेश वापिस ले लिया। 12 में से 11 बैंकों की साढ़े 8 हजार करोड़ की पांच साल में पेनेल्टी वसूली रही है तो कल्पना की जा सकती है कि निजी क्षेत्र के बैंकों ने इस तरह के जुर्माने से कितना खजाना भरा होगा। साढ़े 8 हजार करोड़ रु. की जुर्माना राशि का आंकड़ा किसी भी तरह से कपोल कल्पित या अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं हैं क्योंकि यह जानकारी अधिकृत रुप से संसद में केन्द्रीय वित राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा दी गई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश में बैंकों में मार्च, 23 में 294 करोड़ से अधिक खाते हैं। अब यह स्पष्टीकरण देने का कोई मतलब नहीं कि यह पैसा गरीब खातेदारों के अकाउंट्स से ही गया हैं क्योंकि पैसे वाले खाताधारकों के खातों में तो न्यूनतम बैलेंस रहता ही है।

देश में बैंकिंग नेटवर्क का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक, 44 विदेशी बैंक, 56 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 1485 अरबन कोआपरेटिव बैंक और हजारों की संख्या में ग्रामीण सहकारी बैंकिंग संस्थाएं हैं। यह तो सभी संस्थागत बैंकिंग संस्थाएं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बैंकिंग सेवाओं का विस्तार हुआ है। 24 गुणा 7 सेवाएं मिलने लगी है। जन धन खातों की परिकल्पना से गरीब से गरीब आदमी का बैंकों से जुड़ाव हुआ है। और अब डिजीटल लेन-देन की सुविधा ने तो सब कुछ ही बदल कर रख दिया है। आज पांच रुपए का धनिया तक पेटीएम या इसी तरह के किसी प्लेटफार्म से आसानी से भुगतान कर खरीदा जा सकता है। दिन प्रतिदिन डिजीटल पेमेंट का चलन आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में कहीं से भी किसी को भी मोबाईल या ऑनलाईन बैंकिंग सुविधा से चंद सैकंड में भुगतान पहुंचने लगा है। यह सब बैंकिंग सेवाओं में सुधार और विस्तार का उदाहरण है तो दूसरी और नकदी लेन-देन का स्थान डिजीटल पेमेंट ने ले लिया है।

**बैंकों द्वारा सुविधाओं के नाम पर वसूली राशि बहुत अधिक होने के साथ ही आम खाताधारक के लिए भारी पड़ने लगी है। डुप्लीकेट पासबुक से लेकर चैक बाउंस होने पर रिटर्न चार्ज, सिग्नेचर वैरीफाई चार्ज, नोमिनी का नाम बदलवाने, इंट्रेस्ट सर्टिफिकेट लेने, ईकेवाईसी और इसी तरह की सेवाओं के लिए चार्ज लिए जाते हैं।**

बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार निश्चित रुप से शुभ संकेत माना जाना चाहिए। यह भी साफ है कि लोगों में निश्चित रुप से अवेयरनेस आई है। यह दूसरी बात है कि साइबर ठगी के मामलें भी बहुत अधिक होने लगे हैं। पर सबसे अधिक चिंतनीय बैंकों द्वारा अपनी आय बढ़ाने के लिए सुविधाओं के नाम पर चार्जेज लगालगाकर अपनी आय बढ़ाना है। आम आदमी को किसी तरह की गलत फहमी में नहीं रहना चाहिए कि बैंक उन्हें यह सेवाएं फ्री में दे रहे हैं। आज हालात यह है कि एटीएम पोस मशीन से बड़ा बड़ा कारोबारी भुगतान लेने को तैयार नहीं होता। उसका साफ कहना होता है कि इसमें हमारे चार्जेज लग जाते हैं इसलिए डिजीटल प्लेटफार्म से ही भुगतान प्राप्त करना उचित समझते हैं। खैर चिंतनीय बात यह है कि बैंकों द्वारा सुविधाओं के नाम पर वसूली राशि बहुत अधिक होने के साथ ही आम खाताधारक के लिए भारी पड़ने लगी है। आज हो यह रहा है कि बैंक की छोटी से छोटी सेवा के लिए भी भुगतान करना पड़ता है। भुगतान के आसान तरीके आरटीजीएस और एनईएफटी की सेवाएं चार्जेवल है। हांलाकि दो लाख तक के आरटीजीएस पर कोई चार्ज नहीं लिया जाता पर राशि बढ़ने के साथ ही चार्ज बढ़ता जाता है। डुप्लीकेट पासबुक से लेकर चैक बाउंस होने पर रिटर्न चार्ज, सिग्नेचर वैरीफाई चार्ज, नोमिनी का नाम बदलवाने, इंट्रेस्ट सर्टिफिकेट लेने, ईकेवाईसी और इसी तरह की सेवाओं के लिए चार्ज लिए जाते हैं। एटीएम का उपयोग हांलाकि अब कम होता जा रहा है पर दूसरे बैंक के एटीएम के उपयोग और इसी तरह की अन्य सेवाओं के लिए चार्जेज आम होता जा रहा है। देखा जाए तो हमें पता ही नहीं चल पाता कि बैंकों द्वार कब कितना पैसा काट लिया जाता है। लेनदेन की सूचना के एसएमएस से लेकर अन्य सेवाएं करीब करीब सशुल्क होने के कारण हमें कुछ ना कुछ चुकाना ही पड़ता है। चिंतनीय यह है कि इस सबके बावजूद बैंकों में ग्राहकों के प्रति जो संवेदनशीलता और आपसी संबंध होने चाहिए वह कहीं खोते जा रहे हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि बैंक सेवा प्रदाता संस्था हैं और सहज सुविधाएं उपलब्ध कराने और निरंतर सेवाओं में सुधार के लिए बैंकों द्वारा प्रयास किये जाते रहे हैं। पर इसके साथ ही बैंकों को न्यूनतम बैलेंस या अन्य तरह के अनावश्यक चार्जेज लगाने से पहले आम खाताधारकों के हितों को भी देखना चाहिए। बैंक केवल और केवल पैसा कमाने का स्थान नहीं हैं अपितु बैंकों की भी आमजन के प्रति जिम्मेदारी बनती हैं। सभी कुछ केवल और केवल खाताधारक से ही देय है तो फिर बैंकों और पुराने जमाने के साहूकारों या आज के गली-गली में फैले सूदखोरों या फिर बॉक्सरों से वसूली करने वाली संस्थाओं से अलग होना ही पड़ेगा। कहीं ना कहीं सरकार और बैंकिंग संस्थाओं को जनसरोकारों से भी जुड़ना होगा ताकि जिस तरह से पिछले कुछ सालों में बैंकों में आम आदमी की सहज पहुंच हुई हैं और आम आदमी का मोबाईल अब बैंक बन गया है यह सराहनीय है। आवश्यकता चार्जेज के पुनरावलोकन की है। इस और ध्यान देना ही होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 8 अगस्त, 2024



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 11:34 तक, शिवयोग दिन 12:29 तक, वणिज करण दिन 11:21 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में। रवियोग रात्रि 2:44 तक है। आज वरद विनायक चतुर्थी, दुर्वा गणपति व्रत है और श्रवण तपस्या आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:37 तक, चर 10:54 से 12:32 तक, लाभ-अमृत 12:32 से 3:49 तक, शुभ 5:28 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:59, सूर्यास्त 7:05



**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों एवं आय में वृद्धि होगी।



**सिंह**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों सफलता से मनोबल-आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा।



**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।



**कन्या**
व्यक्तिगत पारिवारिक कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।



**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।




**मिथुन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज बनते कार्य बिगड़ने का भय है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# वृक्षारोपण पर्यावरण को संतुलित रखने के लिये महत्वपूर्ण कदम : विजय सिंह

- **मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित**
- **कोटपूतली में लगाये गये 2 लाख 51 हजार पौधे**

**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत चलाये जा रहे हरियालो राजस्थान व एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत हरियाली तीज के अवसर पर जिला स्तरीय सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को ग्राम पंचायत कांसली के हिरोड़ा स्थित श्री हनुमान मंदिर के पास हुआ।

अभियान के अन्तर्गत जिले भर में करीब 02 लाख 51 हजार पौधे लगाये गये। इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह ने कहा कि अभियान के तहत पूरे प्रदेश में लगभग 07 करोड़ पौधे लगाये जायेगें। हरियाली तीज के अवसर पर विश्व कीर्तिमान रचने के लिये प्रदेश में 01 करोड़ पौधे लगाये जा रहे हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन स्थल पर लगभग 02 हजार पौधे लगाये गये। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने का महत्वपूर्ण कदम है। अभियान के माध्यम से हम ना केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपनी माताओं के प्रति सम्मान भी प्रकट कर रहे हैं। प्रभारी सचिव शिवप्रसाद नकाते ने कहा कि मनुष्य को जीवित रहने के लिए यदि किसी चीज की जरूरत है तो



**मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत चलाये जा रहे हरियालो राजस्थान व एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत हरियाली तीज के अवसर पर जिला स्तरीय सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

सबसे पहले यदि किसी का नंबर आता है तो वह ऑक्सीजन है। वहीं प्राणदायक ऑक्सीजन पेड़-पौधों द्वारा मनुष्यों तथा प्राणियों को प्रदान की जाती है। उन्होंने पेड़ व पौधों के महत्व को बताते हुए कहा की पेड़ है तो ऑक्सीजन है, पेड़ है तो पर्यावरण है, पेड़ है तो बारिश है, बारिश है तो प्राणी मात्र के लिए जीवन है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण अभियान के तह रोपित सभी पौधों की जिओ टेगिंग की जा रही है। जिससे पौधों की लोकेशन भी निर्धारित की जा रही है। साथ ही उन्होंने लगाये गये पौधों की उत्तरजीविता को सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों व ग्रामीणों से पौधों की बच्चों की तरह देखभाल करने के लिए कहा। उन्होंने लगाये गये सभी पौधों का डॉक्यूमेंटेशन करने के निर्देश भी दिये।

विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया है। जिससे पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी। उन्होंने सभी जिलेवासियों को इस अभियान से जुडकर अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, एडीएम योगेश कुमार डागुर, सभापति पुष्पा सैनी सहित विधार्थी, स्काउट एवं गाइड, महिलायें व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह, विधायक हंसराज पटेल ने हरियाली तीज पर कोटपूतली जिले में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

## लोग राशन लेने के लिए भटक रहे

**पावटा।** राशन विक्रेताओं को मानदेय कर्मी घोषित कर प्रति प्रति माह 3० हजार रुपए निश्चित किया जाने, गेहूं तोल में दो प्रतिशत की छीजत दी जाने, गत महिनों का बकाया कमीशन दिये जाने, डोर टू डोर डिलवरी का बहिष्कार सहित अन्य मांग कर रहे राशन डीलरों की प्रदेश स्तरीय यूनियन के आ ान पर विराटनगर विधानसभा के पावटा कस्बे में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन इकाई पावटा के तत्वाधान मे राशन डीलर संघ पावटा तहसील अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सुरेला के नेतृत्व में अपनी मांगें पूरी नहीं होने के कारण राशन डीलरों की एक अगस्त से चल रही हडताल आठवें दिन भी जारी रही। इस कारण राशन की दुकानों के बंद होने के कारण खाद्य सुरक्षा के लाभार्थी राशन लेने के लिए भटक रहे हैं।

# 'बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री है संवेदनशील'

**कोटपूतली।** जिले के प्रभारी मंत्री विजय सिंह व प्रभारी सचिव शिवप्रसाद नकाते ने बुधवार को जिला कलेक्टर सभागार में परिवर्तित बजट 2024-25 में की गई घोषणायें, वित्त मंत्री द्वारा सामान्य वाद विवाद में की गई घोषणायें, वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान की गई घोषणाओं को शीघ्र अमली जामा पहनाने के लिए जिला मुख्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया।

चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बजट के तहत की गई समस्त घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए बेहद संवेदनशील हैं तथा वह शीघ्रातिशीघ्र सभी घोषणाओं को धरातल पर उतारकर आमजन को बजट घोषणाओं से लाभान्वित करवाने का ध्येय रखते हैं। इसी बाबत उन्होंने सभी जिला प्रभारी मंत्रियों तथा सचिवों को जिलों में भेजकर बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों जैसे भूमि चिन्हीकरण, भूमि आवंटन जैसे कार्यों में अधिक समय लगता है के कार्यों में शीघ्रता लाने के लिए निरंतर इसकी मॉनिटरिंग करने के उद्देश्य से प्रभारी मंत्रियों व सचिवों को निर्देशित किया गया है।

चौधरी ने बजट में की गई समस्त घोषणाओं का पीपीटी प्रेजेंटेशन देखा तथा विभागों द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला प्रशासन तथा विभागों से बजट घोषणाओं में भूमि चिन्हीकरण तथा आवंटन में किए गए कार्यों को लेकर संतोष जाहिर किया तथा इसके लिए उन्होंने प्रभारी सचिव व जिला कलेक्टर को भूमि आवंटन तथा चिन्हीकरण में किए गए त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशंसा की। इसके अलावा उन्होंने जिला प्रशासन से बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर यदि किसी भी प्रकार की समस्या जो राज्य सरकार के ध्यान में लाने योग्य है को शीघ्र अवगत करवाने के लिए कहा। उन्होंने उन बजट घोषणाओं के संबंध में जो राज्य स्तर से लागू करवाई जानी है के लिए राज्य स्तर पर बात कर उन पर शीघ्र कार्यवाही कर लागू करने के लिए आश्वासन दिया।

प्रभारी सचिव शिव प्रसाद नकाते ने कहा कि जिन बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन की आवश्यकता नहीं है तथा क्रमोन्नत मेडिकल संस्थानों में उपलब्ध उपकरणों तथा सुविधाओं के साथ ही चिकित्सा संबंधी कार्य जारी रखने तथा क्रमोन्नति के पश्चात आवश्यक मेडिकल उपकरण तथा अन्य सुविधाओं के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नकाते ने नारायणपुर व मांढण क्रमोन्नत हुई नगर पालिकाओं के सीमांकन के लिए जनप्रतिनिधियों का आवश्यक सहयोग लेकर जरूरी कार्यवाही शीघ्र शुरू करने के लिए कहा। प्रभारी सचिव ने वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा की तथा पौधों की उत्तरजीविता सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी पौधों की अनिवार्य रूप से जिओ टेगिंग करने के लिए कहा। नकाते ने सुशासन के लिए आवश्यक सभी बिंदुओं पर चर्चा की।

# मंत्री कर्नल राठौड़ की अध्यक्षता में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति समीक्षा बैठक हुई

**दौसा।** जिला प्रभारी मंत्री एवं उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, सूचना, प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, युवा मामले और खेल विभाग, कौशल नियोजन एवं उद्यिमता विभाग तथा सैनिक कल्याण विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं की क्रियान्वित्ति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में 10 जुलाई को परिवर्तित बजट 2024 -25 की घोषणाओं, 16 जुलाई को वित्त मंत्री द्वारा सामान्य वाद- विवाद पर की गई घोषणाओं एवं 29 जुलाई को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान की गई घोषणाओं तथा बजट घोषणाओं हेतु आवश्यक भूमि चिन्हीकरण एवं आवंटन को गति देने इत्यादि विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिला प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने कहां कि सभी संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की त्वरित क्रियान्विति सुनिश्चित करें। उन्होंने बजट घोषणाओ एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर प्रगति पर संतोष व्यक्त किया एवं आमजन के कार्यो पर विशेष फोकस करते हुए निश्चित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जलदाय विभाग 2025 के गर्मी के मौसम में पानी की आर्पूति की आगामी तैयारी करें एवं इस बार जो कमियां रही, उनकी पुनरावृत्ति ना हो। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग ढीले तारों सहित अन्य उपकरणों को अभियान चला कर दुरुस्त करवाए, ताकि किसी अनहोनी में जनहानि ना हो। वहीं उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए विशेष प्रयास कर किए जाएं, एमपी व एमएलए फंड का निश्चित समय में क्रियान्वयन सुनिश्चित हो तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रसार- प्रसार करें। उन्होंने कहा कि आईटी विभाग तकनीक का प्रयोग करते हुए सभी विभागों की सघन निगरानी हेतु एक डैशबोर्ड तैयार करें, ताकि प्रशासन में पारदर्शिता बढे। प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने कहा कि शहर के सड़क निर्माण संबंधी कार्यों में सीवरेज एवं ड्रेनेज की पूर्व में प्लानिंग हो, ताकि बार-बार सड़के क्षितठास्त ना हो। साथ ही धार्मिक क्षेत्र में सड़क का सुगम मार्ग रहे। उन्होंने कहा कि सरकारी कोर्ट केसेज की मजबूती से परैवी करें एवं उनकी जिला कलक्टर के स्तर पर निगरानी की जाए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस मित्र योजना के तहत कालेजों से अनुशासित युवाओं का पुलिस मित्र हेतु चयन किया जाए। बैठक में जिला प्रभारी सचिव नरेंद्र कुमार गुप्ता ने संपर्क पोर्टल पर परिवादों का निस्तारण प्रारंभिक स्तर पर ही करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की स्थिति जानी एवं सरकारी खातेदारी संबंधित मामलों को जिला कलक्टर के स्तर पर मॉनिटरिंग करने को कहा। उन्होंने विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि लक्ष्यानुसार प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने जिला प्रभारी मंत्री एवं सचिव को बजट घोषणाओं में अभी तक अंर्जित प्रगति एवं विभिन्न विभागों के द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति से विस्तार पूर्वक अवगत कराया। जिला कलक्टर ने जिला प्रभारी मंत्री एवं सचिव को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों की शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित की जाएगी।

## शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश

**टोंक।** राजस्थान सरकार द्वारा परिवर्तित बजट 2024-25 के अंतर्गत टोंक के लिए की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में जीरो टॉलरेंस पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे पूर्ण संवेदनशीलता, सक्रियता के साथ परिवर्तित बजट घोषणा 2024-25 को धरातल पर उतारने का कार्य शीघ्रता से करें। नागर टोंक जिले की एक-एक बजट घोषणा, स्वीकृत राशि, भूमि आवंटन के लिए की गई कार्यवाही, अनुमानित तकमीना, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति, निविदा एवं कार्यादेश जारी होने की स्थिति के बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा की।

# हरियाली तीज पर अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत पौधे लगाये

**दौसा ।** हरियाली तीज पर अमृत पर्यावरण महोत्सव एवं शिक्षा विभाग के हरियालो राजस्थान अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, खेड़ला खुर्द, दौसा में विशाल पौधारोपण किया गया।

जिसमें रिटायर्ड आरएस अधिकारी जगमोहन मीना, पार्षद मंजू सीताराम मीना, लवाण सीबीईओ नरसो मीना एवं एसीबीओ भगवती प्रसाद के आतिथ्य में समस्त स्टॉफ एवं उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया। शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार धर्मी ने बताया कि इस दौरान नीम, पीपल, बरगद, करंज, सीताफल, कटहल, गुलमोहर, नींबू आदि सहित विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार कुल 1100 पौधे लगाए गए। प्रधानाचार्य सुरेशचंद मीना एवं स्टॉफ ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे मे भी बताते हुए पेडों देखभाल करके उन्हें जीवित रखने के बारे में बताया।

**खेडली में भी किया पौधारोपण :** हरियाली तीज के अवसर पर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेडली में ग्राम पंचायत सूरजपुरा की वार्ड पंच राज देवी ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान वार्ड पंच राज देवी ने कहा कि जैसे एक मां हर दुख सहकर अपने बच्चे का पालन पोषण करती है। उसी तरह हमें भी एक पेड की छोटे बच्चे की तरह देखभाल करनी पड़ेगी।



**शिक्षा विभाग के हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधे लगाये।**

तब जाकर पेड लग पायेंगे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति एक पेड़ के लगाने के साथ उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ले तो पर्यावरण को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हरियालो राजस्थान के अवसर पर एक खास अभियान शुरू किया है। इस अभियान का नाम-एक पेड़ मां के नाम दिया गया है। इस अभियान के तहत पीएम मोदी ने भी एक पेड़ मां के नाम पर लगाया है। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से ये अपील की कि अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। उसकी बड़ा होने तक देखभाल करें । विद्यालयकी प्रधानाचार्य रेणु शर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को बचाने के लिए देशवासियों से पेड़ लगाने की अपील की है। पीएम मोदी ने मन की बात के 111 वें एपिसोड में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 8 प्रभात जयपुर, गुरुवार 8 अगस्त, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Khota Sikka... Ziddi Woman...**

"The only thing I have told Bajrang and Sakshi is that I will still fight, look him (Brij Bhushan Sharan Singh) in the eye and *medal leke aungi main, tu dekh*. They both have Olympic medals, I don't."

**Oh! No! Phogat!** She had three events back-to-back and a weigh-in the next morning for the finals

# 'कोशिश मैडल जीतने की थी, या इस बात की कि कैसे फोगाट मैडल न जीत पाये?'

## कांग्रेस ने सरकार पर खुला आरोप लगाया, विनेश फोगाट के ओलम्पिक में ''डिस्क्वालिफिकेशन'' के लिये

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जैसा कि विदित ही है, फोगाट के सेमी फाइनल में कुश्ती का मैच जीतने के बाद, रजत/स्वर्ण मैडल जीतने की पूर्ण आशा थी, पर, 100 ग्राम ओवर वेट पाये जाने के कारण, फोगाट ''डिस्क्वालिफाई'' कर दी गयी।
- कांग्रेस सवाल उठा रही है कि सरकारी अधिकारी, जो पेरिस ओलम्पिक में इन्तज़ामात के लिये गए थे, क्या छुट्टी मनाने ''वैकेशन'' पर गये थे तथा इन अफसरों ने क्या कुछ भी भूमिका निभाई फोगाट का मसला ऑर्गनाइज़र्स के सामने उठाने में।
- इंडियन ओलम्पिक ''एसोसिएशन की अध्यक्ष पी.टी. ऊषा ने क्या रोल अदा किया, फोगाट को न्याय दिलाने में।
- पंजाब के मुख्यमंत्री मान, हरियाणा में फोगाट के घर गये, ''डिस्क्वालिफाइड'' फोगाट के परिवार से मिलने।
- इस वर्ष हरियाणा विधासनभा के चुनाव होने हैं और ऐसा लग रहा है, फोगाट प्रकरण चुनाव में काफी निर्णायक भूमिका अदा करेगा।

नई दिल्ली, 7 अगस्त। आज सुबह 140 करोड़ भारतीयों का दिल टूट गया, जब उन्होंने यह खबर पढ़ी कि पैरिस गोल्ड /सिल्वर मैडल पाने की भारत की आशा धूल में मिल गई है।

विनेश फोगाट उस मुकाम पर पहुँची, जहाँ भारत की कोई महिला पहलवान पहले नहीं पहुँची थी। 2024 ओलंपिक्स में, सात घंटों के अंदर वो प्री क्वार्टर से क्वार्टर फाइनल और फिर विश्व चैंपियन को हराकर सेमी फाइनल में और उसके बाद फाइनल तक पहुँची।

उसे 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण डिस्क्वालिफाई कर दिया गया। इस खबर पर हर तरफ अविश्वास और अचरज का माहौल है। हजारों तरह के प्रश्न उठ रहे हैं। कांग्रेस ने मोदी सरकार को लक्ष्य बनाते हुए षड्यंत्र की थ्योरी दी है।

खेल मंत्री के जवाब से असंतुष्ट इण्डिया अलायंस और कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा और राज्यसभा में वॉक आउट कर दिया, क्योंकि मंत्री सिर्फ आंकड़े गिना रहे थे तथा बता रहे थे कि फोगाट की ट्रेनिंग पर कितना पैसा खर्च हुआ है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि रोचक बात यह है कि जब फोगाट फाइनल में पहुँची तो, न तो नरेन्द्र मोदी और न उनकी टीम ने फोगाट के समर्थन में कोई ट्वीट किया, जबकि, उसे सिल्वर या गोल्ड मैडल मिलना सुनिश्चित हो गया था, पर जब वो डिस्क्वालिवाई हो गई तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार ट्वीट किया।

कांग्रेस ने भारतीय खिलाड़ियों के दल के साथ बड़ी संख्या में पैरिस गए अधिकारियों पर भी उंगली उठाई और कहा कि क्या ये लोग छुट्टी मनाने पैरिस गए थे? फोगाट का केस उठाने में उनकी क्या भूमिका रही?

कांग्रेस ने यह भी पूछा कि पी.टी. उषा की अध्यक्षता वाली ओलंपिक एसोसिएशन ने फोगाट को न्याय दिलाने के लिए क्या किया?

कांग्रेस लगातार ये प्रश्न पूछ रही है और मोदी सरकार के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए लोगों को याद दिला रही है कि सरकार ने उन पहलवानों का कैरियर खत्म करने की धमकी दी थी, जिन्होंने 2023 में फोगाट के नेतृत्व में रैसलिंग फैडरेशन चीफ और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन उत्पीड़न तथा महिला पहलवानों को शारीरिक व मानसिक कष्ट देने के आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की थी।

धरनों और प्रदर्शनों के अलावा दिल्ली पुलिस ने महिला पहलवानों को दिल्ली की सड़कों पर घसीट कर उन्हें शारीरिक यातना भी दी थी।

कांग्रेस ने कहा, प्रधानमंत्री ने सांसद बृजभूषण के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की। इसके बावजूद फोगाट ने, एक तरह से निराशा के गर्त से निकलकर, शानदार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### पांडुपोल मंदिर के लिए इलैक्ट्रिक शटल बसें चलाएगी सरकार

- राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में आश्वासन दिया कि वर्ष 2025 तक सरिस्का टाइगर रिज़र्व के पांडुपोल हनुमान मंदिर तक यात्रियों की आवाजाही के लिए निजी वाहनों पर रोक लगा दी जाएगी और इलैक्ट्रिक शटल बसें चलाई जाएंगी।

जयपुर, 7 अगस्त (का.सं.)। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया है कि वह साल 2025 तक सरिस्का टाइगर रिजर्व स्थित पांडुपोल हनुमान मंदिर में यात्रियों की आवाजाही के लिए निजी वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक शटल बसें चलाएगी, जिससे टाइगर आवास और मंदिर जाने वाले दर्शनार्थियों की भावनाओं के बीच संतुलन बना रहे। इसके अलावा राज्य सरकार बफर ज़ोन में चल रहे होटलों व रिसॉर्ट्स का भी परीक्षण करेगी और अवैध पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह आश्वासन राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने बुधवार को वन व वन्य जीवों के संरक्षण से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान दिया।

# भारत के लिए अजनबी नहीं हैं बांग्लादेश के भावी अंतरिम चीफ

## यूनुस का अक्सर भारत आना-जाना लगा रहता है, माइक्रो फायनैंसिंग पर व्याख्यान देने उन्हें बुलाया जाता है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- मोहम्मद यूसुस जानते हैं कि बांग्लादेश को अस्थिरता से निकालने और स्थायित्व की ओर ले जाने में भारत का सहयोग कितना महत्वपूर्ण है।
- बांग्लादेश ग्रामीण बैंक के संस्थापक यूनुस ने बांग्लादेश में गरीबों को काम काज के लिये छोटे-छोटे ऋण देना शुरु किया था। इसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था।
- पर, बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना से उनकी नहीं बनी और उन पर केस ठोका गया तथा जेल की सजा भी सुनाई गई।
- समझा जाता है कि सेना प्रमुख, बांग्लादेश के राष्ट्रपति और छात्र नेताओं की संयुक्त बैठक में छात्र नेताओं की ओर से यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने का प्रस्ताव रखा गया था।

नई दिल्ली, 7 अगस्त। बाँग्लादेश में हुये तख्तापलट के बाद, मुहम्मद यूनुस, जो कभी ''गरीबों के बैंकर'' के रूप में विख्यात थे, को अन्तरिम सरकार का प्रमुख बनाये जाने की पूरी तैयारी है। यह अन्तरिम सरकार देश की संसद के नये चुनाव होने तक सत्तासीन रहेगी।

मुहम्मद यूनुस 'बॉंग्लादेश ग्रामीण बैंक' के संस्थापक थे, जिसने गरीबों एवं समाज के कमजोर वर्गों को, छोटे-मोटे कामधन्धे चलाने के लिये धनराशि उपलब्ध कराने नये-नये तरीके शुरू किये थे। छोटे व्यवसायों की फन्डिग के उनके बिल्कुल नये तरीकों को मान्यता देते हुये, यूनुस को नोबल शान्ति पुरस्कार से विभूषित किया गया था।

लेकिन मुहम्मद यूनुस की पूर्व प्रधानमन्त्री शेख हसीना से अनबन हो गई थी, और अब भी विद्यमान है। पूर्व सरकार ने यूनुस के खिलाफ एक मुकदमा दायर कर दिया था, जिसमें उन्हें जेल की सजा हुई थी।

यूनुस भारत के लिये कोई अजनबी व्यक्ति नहीं हैं तथा पूर्व भारतीय सत्ताधीशों से उनकी बातचीत होती रही थी। वे प्रायः भारत आते थे तथा भारत में आयोजित मीटिंगों और कॉन्फ्रेंसों में 'माइक्रो-फायनैंसिंग' पर व्याख्यान देते थे। व्यवहारिक व्यवसायी होने के नाते यूनुस काफी प्रगतिवादी हैं तथा बांग्लादेश को वर्तमान अस्थिरता के दौर से निकालकर स्थिरता की ओर लाने में भारत व भारत के सहयोग को समझ सकते हैं।

पेरिस से ढाका के लिए उड़ान भरने से पहले, मोहम्मद यूनुस ने पश्चिमी प्रेस को दिये इन्टरव्यूज़ में पूर्व सत्ता एवं शासन की कड़ी आलोचना की तथा कार्यवाही का वादा किया। उन्होंने हसीना सरकार से मुक्ति पाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा किये गये आंदोलन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''यह जनता की स्वतन्त्रता की दूसरी विजय है।''

महत्वपूर्ण बात यह है कि यूनुस अन्तरिम सरकार के मुख्य सलाहकार होंगे, अन्तरिम प्रधानमंत्री नहीं तथा जैसा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एन.सी.ई.आर.टी. की किताबों से संविधान की प्रस्तावना हटाने का मामला गर्माया

## राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार को घेरा

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने केन्द्र सरकार पर संवधिान के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए वॉक आउट किया।
- राज्यसभा के नेता जे.पी. नड्डा ने विपक्ष के आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि मोदी सरकार की संविधान के प्रति निष्ठा संदेह से परे है।
- नड्डा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि 1975 में आपातकाल लगा कर कांग्रेस ने अवश्य संविधान पर हमला किया था।

नई दिल्ली, 7 अगस्त। क्या ''भाजपा-आर.एस.एस. की साम्प्रदायिक विचारधारा को थोपने'' की कोशिश में एन.सी.ई.आर.टी. की पाठ्य-पुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना हटा दी गई है?

जब राज्यसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह मामला उठाया, तो इस प्रश्न पर राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा होता दिखाई दिया। सदन के नेता जे.पी. नड्डा ने तुरन्त पलटवार किया और कहा कि देश में आपातकाल लगाकर, संविधान पर हमला करने का काम तो कांग्रेस ने किया था। उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा कि जहाँ तक एन.डी.ए. सरकार का सम्बन्ध हैं, उसके द्वारा संविधान की प्रस्तावना से छेड़ करने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता।

समाचार पत्र 'द हिन्दू' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, एन.सी.ई.आर.टी. ने हाल ही में अपनी पाठ्यपुस्तकों में कुछ परिवर्तन किये हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि एन.सी.ई. आर.टी. की कुछ पाठ्यपुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना साफ तौर पर गायब है। सरकार से स्पष्टीकरण की माँग करते हुये, खड़गे ने कहा, ''चुनावों में हार के बाद, भाजपा ने पहले तो गांधी और अम्बेडकर की मूर्तियाँ हटाईं तथा संविधान के साथ छेड़ करने की कोशिशें भी कीं। इस देश की जनता ऐसा नहीं होने देगी। आर.एस.एस. और भाजपा स्कूली पाठ्यक्रम में हस्तक्षेप तथा हेर-फेर करके, अपनी साम्प्रदायिक विचारधारा को थोपना चाहती हैं तथा एन.सी.ई.आर.टी. की यह चेष्टा सही नहीं है। सत्ता पक्ष के सदस्य खड़गे की टिप्पणी का जोर-शोर से विरोध करने लगे तथा नड्डा ने खड़े होकर कहा कि कांग्रेस नेता को इस सूचना का स्रोत प्रस्तुत करना चाहिये। उन्होंने कहा, ''किसी अखबार के लेख को प्रमाणिक स्रोत नहीं माना जा सकता। स्रोत के रूप में, मूल पाठ्यपुस्तक ही

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### गढ़ गणेश पर बनाए जा रहे रोप वे पर यथास्थिति के आदेश

- हाई कोर्ट ने यह आदेश दामोदर रोप वे एंड इन्फ्रा लिमिटेड की याचिका पर दिए, जिसने रोप वे निर्माण के लिए आवेदन किया था, पर, यह काम शिवम प्राइम इन्फ्रा को सौंपा गया, जबकि इसने आवेदन तक नहीं किया था।

जयपुर, 7 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने गढ़ गणेश मंदिर पर बनाई जा रही रोप-वे पर यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही, कोर्ट ने इस मामले में जयपुर कलेक्टर, गढ़ गणेश मंदिर ट्रस्ट और रोप वे बना रही कंपनी मैसर्स शिवम प्राइम इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की बैंच ने यह आदेश दामोदर रोपवे एंड इंफ्रा लि. की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। वरिष्ठ अधिवक्ता राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया है कि टाइगर हैबिटेट प्रबंधन में सुधार करेगी।

# अमरावती से झाड़-झंखाड़ हटाने में 36 करोड़ रू. खर्च होंगे

## आंध्र सरकार ने अमरावती क्लीन जंगल प्रोजैक्ट शुरु किया

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- चंद्रबाबू नायडू ने 2016 में अमरावती प्रोजैक्ट शुरु किया था, पर, जगन मोहन ने इसे ठुकरा दिया, नतीजतन वहां झाड़-झंखाड़ उग आए थे।
- 2014 में जब आंध्र प्रदेश का विभाजन हुआ था और हैदराबाद, तेलंगाना के हिस्से में चला गया था तब चंद्रबाबू ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में विकसित करने की योजना बनाई थी।
- नायडू, अमरावती को अत्याधुनिक विश्वस्तरीय राजधानी बनाना चाहते थे। यह उनका ड्रीम प्रोजैक्ट था तथा उन्होंने इसकी शुरुआत भी कर दी थी। पर, फिर नायडू विधानसभा चुनाव हार गए और उनके बाद जगन मोहन रेड्डी मुख्यमंत्री बने। उन्होंने अमरावती प्रोजैक्ट को ठुकरा दिया और तीन राजधानियों की अटपटी अवधारणा दी।
- अब नायडू फिर से मुख्यमंत्री बन गए हैं तो उन्होंने जोर-शोर से अपना ड्रीम प्रोजैक्ट शुरु कर दिया है। यही नहीं, इसके लिए उन्होंने केन्द्र सरकार से भारी अनुदान भी हासिल कर लिया है।

नई दिल्ली, 7 अगस्त। पैतृक गांव के घर की लम्बे समय उपेक्षा करने पर उसको पुनः इस्तेमाल योग्य बनाने के लिए साफ-सफाई में काफी खर्चा आता है और जरा सोचिए अगर एक पूरे शहर की उपेक्षा हुई हो तो यह कितना महंगा पड़ सकता है। अमरावती जिसे आंध प्रदेश की राजधानी बनाया जाना था, की लम्बे अर्से तक उपेक्षा की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पूर्व मुख्यमंत्री वाय.एस. जगनमोहन रेड्डी ने अमरावती प्रोजैक्ट त्याग दिया था, जिसे उनके पूर्ववर्ती चंद्रबाबू नायडू ने शुरु किया था। इसकी बजाय उन्होंने ''थ्री कैपिटल'' प्लान पर फोकस किया। इसका नतीजा है कि विभाजन के दस साल बाद भी आंध्र प्रदेश के पास अपनी राजधानी नहीं है।

दस साल से हैदराबाद ही तेलंगाना की संयुक्त राजधानी है और आंध्र प्रदेश अमरावती को अपनी नई राजधानी बनाने वाला था। पर पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी को अमरावती का विचार पसंद नहीं था उनके मन में तीन राजधानियों की योजना थी। इसलिए उन्होंने चन्द्रबाबू नायडू द्वारा 2016 में शुरु किए गए अमरावती प्रोजैक्ट की अवहेलना की। एन. चन्द्रबाबू नायडू अमरावती को अत्याधुनिक राजधानी बनाना चाहते थे। लेकिन जगनमोहन रेड्डी, जो 2019 में प्रधानमंत्री बने थे, ने अमरावती की उपेक्षा कर दी और इस प्रोजैक्ट को ही त्याग दिया और नायडू सरकार के कार्यकाल में वहां दो सरकारी इमारतें बन चुकी थीं। लेकिन प्रोजैक्ट रद्द होने के बाद उसकी तरफ किसी ने रुख नहीं किया नतीजा यह निकला कि वहां भारी झाड़ झंखाड़ उग आए हैं।

अब जब चन्द्रबाबू नायडू दोबारा राज्य के मुख्यमंत्री बन गए हैं तो उन्होंने अमरावती प्रोजैक्ट के लिए केन्द्र सरकार से 15,000 करोड़ रु. भी आवंटित करवा लिए हैं। अब काम शुरु हो गया है सबसे पहले जंगल साफ करवाया जा रहा है।

कोई माने या ना माने पर सिर्फ जंगली झाड़ झंखाड़ साफ करवाने और जमीन को समतल कराने में 36 करोड़ रु. खर्च होंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एक दशक में बांग्लादेश की 'पर कैपिटा'' आय तिगुनी हुई: बांग्लादेश विश्व में ''फास्टैस्ट ग्रोइंग इकॉनमी भी बना!

## पर, इकोनॉमिक ग्रोथ, जब तक इसका लाभ प्रजातंत्रीय व्यवस्था के कारण, पूरे समाज, गरीब से गरीब जनता तक नहीं पहुंचता, एक विस्फोटक स्थिति पैदा करती है, जैसा बांग्लादेश में हुआ

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इकोनॉमिक समृद्धि का फायदा हसीना सरकार के मित्रों तक ही सीमित रहा तथा शिक्षित युवकों में बेरोज़गारी वैसी की वैसी ही बनी रही।
- शिक्षित बेरोज़गारों के आक्रोश को दबाने के लिये हसीना सरकार ने पूरी सख्ती बरती और असंतोष अंदर ही अंदर बढ़ता रहा।
- इकोनॉमिक ग्रोथ के लिये विपक्ष के मतभेद तथा असंतोष की अभिव्यक्ति, जो प्रजातंत्रीय व्यवस्था के लिये अनिवार्य है, को कुचला गया, अतः नौबत यह हुई कि प्रधानमंत्री को देश छोड़कर भागना पड़ा।

नई दिल्ली, 7 अगस्त। वर्ष 2009, 2014, 2019 और 2024 के चार चुनाव जीतने के बाद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का राष्ट्र स्तरीय छात्र आंदोलन के बाद देश छोड़कर भाग जाना उन सभी के लिए तगड़ा झटका है जो लोकतंत्र और लोकतांत्रिक नियम-कायदों को समाज और राजनीति में पोषित करते हैं।

बांग्लादेश के अस्तित्व के 50 साल में हुए इस नवीनतम प्रकरण से पूरी दुनिया और खासकर भारतीय उपमहाद्वीप की जनता और शासकों को कई सबक सीखने और भुलाने हैं।

पड़ोसी देश बांग्लादेश में उथल-पुथल मचने के पीछे भारी भ्रष्टाचार, स्वतंत्रता एवं अधिकारों का कमजोर पड़ना, साथ-साथ तेजी से हुई आर्थिक वृद्धि, कुछ ही लोगों के हाथों में धन-सम्पदा का एकत्रित होना और सरकार द्वारा कुछ चहेते लोगों को ही आगे बढ़ाना प्रमुख कारण हैं। शेख हसीना भी अपनी स्वयं की ही दुश्मन हैं क्योंकि उन्होंने एक ऐसी विरासत को बरबाद कर दिया, जो उनकी मुख्य राजनीतिक पूंजी थी।

उनकी अधिनायकवादी सरकार असंतोष के स्वरों को दबाने के लिए प्रतिबद्ध थी, तथा उनके नेतृत्व की तानाशाह शैली ने विपक्ष को नियंत्रण में रखने का हर उचित एवं अनुचित माध्यम अपनाया और यह शैली उनके पिता शेख मुजीबुर रहमान की कार्यशैली के विपरीत थी जिन्होंने बांग्लादेश के निर्माण को लेकर संघर्ष किया।

हसीना वर्ष 2009 में एक स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय चुनाव के बाद सत्ता में आई थीं, लेकिन उसके बाद वर्ष 2014, 2018 और 2024 में हुए चुनाव विवादास्पद रहे और उनमें विपक्ष की भी भागीदारी नहीं रही, लेकिन हसीना इसके बावजूद देश की प्रधानमंत्री बनीं। इन चुनावों में वह अपराजेय सी लगीं और उन्होंने सत्ता पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष अथवा असंतोष को बिल्कुल सहन नहीं किया, जबकि लोकतांत्रिक संरचना के यही दो आवश्यक अवयव होते हैं।

बांग्लादेश के स्वतंत्रता संघर्ष में भाग लेने वाले लोगों के वंशजों के लिए हाई कोर्ट द्वारा नौकरियों में 30 प्रतिशत कोटा बहाल किए जाने के बाद आंदोलनकारियों के सब्र का बांध टूट गया, हालांकि हसीना के शासन के खिलाफ पिछले कई वर्षों से जनता का क्रोध पनप रहा था। देश की आम जनता ज्यादातर बेरोजगार है और उपद्रवों से वह भयभीत हो गई। शेख हसीना ने जब अदालती प्रक्रिया का हवाला देकर छात्रों की मांगे मानने से इन्कार कर दिया, तब संकट गहरा गया।

हसीना की सबसे बड़ी गलती तब हुई, जब उन्होंने नौकरियों में आरक्षण का विरोध करने वालों को रज़ाकार (बांग्लादेश के एक अप्रिय शब्द) करार दिया। वर्ष 1971 में हुए बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में पाकिस्तान की सेना का सहयोग करने वालों के लिए यह शब्द प्रयुक्त किया गया था, जिससे हजारों आंदोलनकारी छात्र बुरी तरह से चिढ़ गए।

विपक्ष ने हसीना पर हमेशा यह आरोप लगाया कि उन्होंने लगातार तीन चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के बिना जीते हैं। इसके अलावा एक आम धारणा यह भी थी कि आर्थिक विकास केवल हसीना की आवामी लीग के निकट के लोगों का भला करने के लिए ही है।

विरोध प्रदर्शन जैसे-जैसे बढ़ते गए, उन्हें अभिभावकों, शिक्षकों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों का समर्थन मिलता गया। आंदोलन अपनी शुरुआती मांगों से आगे बढ़कर 15 वर्षों के भय एवं उत्पीड़न के खिलाफ निराशा की एक लामबंद अभिव्यक्ति बन गया। छात्रों ने प्रधानमंत्री के साथ बातचीत से तब तक के लिए इन्कार कर दिया, जब तक कि उनकी मांगें नहीं मान ली जातीं। इससे सरकार के प्रति जनता के गहरे अविश्वास का पता चलता है। देश के सेवारत और सेवानिवृत्त शीर्ष अधिकारियों के भ्रष्टाचार को लेकर सोशल मीडिया पर खुली चर्चाएं थीं। तथापि, हसीना ने भ्रष्टाचार को एक समस्या के रूप में स्वीकार किया था और उसके खिलाफ कार्रवाई का वादा किया था, लेकिन ठोस कार्रवाई कहीं नज़र नहीं आ रही थी।

बांग्लादेश में जो कुछ हुआ, वह उन देशों के लिए भी एक सबक है जो समाज का व्यापक हित न सोचकर केवल आर्थिक प्रगति का राग अलापते रहते हैं और यह भी कि लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नागरिकता के क्षरण के बीच सिर्फ आर्थिक प्रगति ही किसी नेता की लोकप्रियता को ज्यादा समय तक नहीं बनाए रख सकती।

निःसंदेह, हसीना के कार्यकाल में शानदार आर्थिक उपलब्धियां प्राप्त की गईं। उनके नेतृत्व में बांग्लादेश विश्व के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रदेश में 225 वर्ग मी. और इससे बड़े भूखंडों पर वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट बनाना अनिवार्य होगा

## राज्य सरकार ने एक परिपत्र जारी कर प्रदेश में वर्षा के पानी द्वारा भू-जल स्तर बढ़ाने के सम्बन्ध में राज्य जल नीति के अनुसार वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली के निर्माण को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया

- **औद्योगिक क्षेत्रों में रीको भवन विनियमन 2021 के अनुसार 500 वर्ग मीटर एवं अधिक क्षेत्रफल के भू-खण्डों में वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली का निर्माण किया जाना अनिवार्य है।**
- **वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली का निर्माण होने पर ही अनापत्ति एवं अधिवास प्रमाण-पत्र जारी किया जायेगा। वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट नहीं बनी तो पेयजल कनेक्शन भी नहीं दिया जायेगा।**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राज्य सरकार ने एक परिपत्र जारी कर प्रदेश में वर्षा के पानी द्वारा भू-जल स्तर बढ़ाने के सम्बन्ध में राज्य जल नीति के अनुसार वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली के निर्माण को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए पर्यावरण संरक्षण हेतु भवन विनियम 2020 की विनियम 10.11.1 में वर्षा जल संरक्षण एवं संचयन के आवश्यक प्रावधान अनुसार 225 वर्गमीटर अथवा ज्यादा क्षेत्रफल के भू-खण्डों में सैटबैक क्षेत्र में भू-गर्भ का जल स्तर बढाने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग इकाई एवं संरचना निर्मित करने का प्रावधान अनिवार्य किया है। इसी तरह औद्योगिक क्षेत्रों में रीको भवन विनियमन 2021 के अनुसार 500 वर्ग मीटर एवं अधिक क्षेत्रफल के भू-खण्डों में वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली का निर्माण किया जाना अनिवार्य है।

शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली का निर्माण उसके मालिक अथवा उसमे रहवास करने वाले व्यक्ति द्वारा करवाया जायेगा। जब तक भवन के मालिक या रहवासी द्वारा वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली का निर्माण नहीं करवाया जाता है, तब तक संबंधित नगर निकाय नगर निगम, परिषद एवं पालिका द्वारा भवन में नये जल कनेक्शन हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं अधिवास प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 238 (7) के प्रावधान अनुसार ऐसे दोषी भवन मालिकों के विरुद्ध कारावास अथवा जुर्माने की कार्यवाही हेतु सक्षम न्यायालय में चालान किया जा सकता है। शासन सचिव ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बहुमंजिला भवनों में पेयजल कनेक्शन जारी किये जाने की नीति के अनुसार राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के अनुसार वर्षा जल संचयन संरचना का निर्माण किया जाना अनिवार्य होगा। इसकी पालना नहीं होने की स्थिति में पेयजल कनेक्शन जारी नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 225 वर्ग मीटर अथवा ज्यादा क्षेत्रफल के भवनों में पेयजल कनेक्शन स्वीकृति की प्रक्रिया में वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली के निर्माण के बाद ही पेयजल कनेक्शन जारी किया जायेगा।

शासन सचिव ने बताया कि वर्षा जल पुनर्भरण संरचना प्रणाली के निर्माण का पेयजल कनेक्शन हेतु स्वीकृति प्रक्रिया में मौके पर सम्बन्धित कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में 100 प्रतिशत निरीक्षण कर प्रमाणीकरण किया जायेगा। सहायक अभियन्ता द्वारा 40 प्रतिशत, अधिशाषी अभियन्ता द्वारा 5 प्रतिशत एवं अधीक्षण अभियन्ता द्वारा 2 प्रतिशत पेयजल कनेक्शन आवेदनों पर निरीक्षण कर प्रमाणीकारण सुनिश्चित किया जायेगा। प्रमाणीकरण पेयजल कनेक्शन आवेदन पत्रावली में संलग्न करना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि यह प्रावधान विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के डिपोजिट कार्य पर भी प्रभावी होंगे। साथ ही रीको क्षेत्र में औद्योगिक श्रेणी के पेयजल कनेक्शन हेतु स्वीकृति प्रक्रिया में मौके पर इसका निरीक्षण कर प्रमाणीकरण किया जाए। उल्लेखनीय है कि क्रेन्दीय भूमि जल प्राधिकरण द्वारा जारी डायनमिक ग्राउंड वॉटर रिसोर्सेज इंडिया 2023 रिपोर्ट के अनुसार राज्य में कुल 302 भू-जल ब्लॉक में से 216 भू-जल ब्लॉक (71 प्रतिशत) अतिदोहन श्रेणी में है।

# चंडीगढ़ मेडिकल कॉलेज का आरयूएचएस में हू-ब-हू पेपर!

- **आर्थोपेडिक विषय के पेपर को लेकर सामने आया चौंकाने वाला तथ्य**

**जयपुर**। चंडीगढ़ मेडिकल कॉलेज का आरयूएचएस में हू-ब-हू पेपर आया। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मीटिंग में भर्ती को निरस्त किया गया है। बैठक में आर्थोपेडिक के पेपर को लेकर चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है।

सूत्रों के अनुसार बैठक में बताया गया कि सहायक आचार्य (आर्थोपेडिक) में जो पेपर आया उसके 52 प्रश्न चंडीगढ़ मेडिकल कॉलेज की एसआर भर्ती परीक्षा में आए थे। ये प्रश्न पत्र सभी प्रमुख साइट्स और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं।

ऐसे में माना गया कि पेपर के 52 प्रश्न पहले से लीक हो चुके थे। कुल 17 ब्रॉड स्पेशिलिटी-6 सुपर स्पेशिलिटी के 74 पद पर भर्ती चल रही थी। एक तथ्य ये भी आया कि भर्ती की निर्देश पुस्तिका व रोस्टर अप्रूव नहीं कराया। विश्वविद्यालय की प्रबंध मण्डल की बैठक में दोनों को अप्रूव नहीं कराया गया। इसके अलावा योग्यता नियमों को लेकर भी भर्ती में पेंच का जिक्र किया गया। इन त्रुटियों का हवाला देते हुए सहायक आचार्य की भर्ती को निरस्त किया गया है।

## सार-समाचार

### बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



**जयपुर**। बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ-क्रांतिकारी भागवताचार्य भागेन्द्र व्यास शास्त्री ने गौ-संसद दिल्ली में जयपुर लोकसभा क्षेत्र से बतौर गौ सांसद की शपथ ली है। इसके बाद शास्त्री के जयपुर पहुंचने पर बजरंग सेना प्रदेश कार्यालय पर उनका स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। डॉ. सौम्या राजोरिया को बजरंग सेना में महिला गौ रक्षा दल राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भी सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। गगन चौहान को मीडिया प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। बैठक में चर्चा हुई कि उत्तराखण्ड व हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर राजस्थान सरकार से गौमाता को राज्यमाता शीघ्र घोषित के लिए मांग की जाएगी। साथ ही राजस्थान में गोचर भूमि पूर्ण रूप से मुक्त करने की मांग की जायेगी। रेवाडी के गौरक्षक योद्धा सोनू सरपंच को गौ-तस्करों ने मार दिया था, सरकार उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करे और पीड़ित परिवार को मुआवजा व सरकारी नोकरी दी जावे। इस मौके पर बजरंग सेना के राष्ट्रीय प्रमुख अशोक शर्मा, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र व्यास, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जगदीश सैनी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरक्षा दल पृथ्वीराज यादव, युवामोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह, युवामोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम सिंह करीरी,प्रदेश महासचिव सुशील तिवाड़ी, प्रदेश सयोजक गौरक्षा दल भागिरथ सैनी, गौरक्षा दल प्रदेश उपाध्यक्ष संयोजीलाल सैनी, जिला महामंत्री युवामोर्चा अजय कुमार सैनी मौजूद थे।

### जयपुर मेट्रो परिसर में पौधारोपण




**जयपुर**। मानसरोवर स्थित जयपुर मेट्रो रेल डिपो परिसर में बुधवार को निदेशक व अधिकारियों ने छायादार व फलदार पौधे लगाए। जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक पी.रमेश ने हरियाली तीज की सभी को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान 'हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आमजन भी अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करने का संकल्प लें।

### किशनपोल महाविद्यालय में पौधे लगाए



**जयपुर**। "हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत कन्या महाविद्यालय किशनपोल ने भी अहम भूमिका निभाई। महाविद्यालय की छात्राओं व शिक्षकों समेत महाविद्यालय के नवीन निर्माणाधीन भवन जालूपुरा में भी पौधारोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. खामोश मीना ने बताया कि पौधारोपण करने के साथ उनका संरक्षण भी जरूरी है जब तक वो एक वृक्ष का रूप ना ले, इनकी देखभाल करें। पृथ्वी पर अधिक पेड़-पौधे होंगे तो हमारा वातावरण शुद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि विशेष पारिवारिक कार्यक्रम जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह एवं किसी विशेष सफलता को यादगार बनाने के लिए उस दिन पौधा अवश्य लगाएं एवं मेहमानों को भी एक-एक पौधा उपहार स्वरूप प्रदान कर पौधारोपण के लिए प्रेरित करे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अर्चना वर्मा ने बताया कि प्राचार्य डॉ. खामोश मीना द्वारा महाविद्यालय की वर्तमान में अध्ययनरत एंव पूर्व छात्राओं को एक-एक पौधा निःशुल्क वितरित कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी के लिए शपथ भी दिलवायी गई।

### रवि खत्री को 'समाज रत्न' पुरस्कार



**जयपुर**। राजस्थान जन मंच ट्रस्ट और परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति की ओर से युवा सामाजिक कार्यकर्त्ता रवि खत्री को समाज रत्न 2024 से सम्मानित किया जायेगा। राजस्थान जन मंच ट्रस्ट के महा सचिव कमल लोचन ने बताया कि आगामी 14 अगस्त को राजस्थान चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के भैरोसिंह शेखावत समृति सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में विशेष प्रतिभा और सेवा कार्यों के लिए रवि खत्री को सम्मानित किया जायेगा। कमल लोचन ने बताया कि रवि खत्री सामाजिक, रचनात्मक, शैक्षिक और विभिन्न सेवा कार्यों में अग्रणी रहकर अपना श्रेष्ठ योगदान देते रहे है।

### युवकों ने की पिता-पुत्र से मारपीट

**जयपुर**। मुरलीपुरा इलाके में साइड देने की बात को लेकर बाइक सवार तीन-चार युवकों ने कार सवार पिता-पुत्र से मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार गणेश नगर बैनाड़ रोड निवासी गुलशन वर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने पिता के साथ बाजार से घर जा रहा था। इसी दौरान ज्वाला माता मंदिर के पास साइड देने की बात को लेकर बाइक सवार 3-4 युवकों से कहासुनी हो गई। बाइक सवार बदमाशों ने उससे और उसके पिता से मारपीट की।

# जनाना अस्पताल में नर्सेज का प्रदर्शन

## डॉक्टर पर नर्सिंग ऑफिसर से अभद्रता करने का आरोप



**जयपुर**। राजकीय जनाना अस्पताल चांदपोल में नर्सेज कार्मिकों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। बुधवार सुबह करीब साढ़े आ बजे लेबर रूम में डॉ. दीपाली और नर्सिंग ऑफिसर उर्मिला व अन्य स्टॉफ काम कर रहा था। आरोप है कि इस दौरान डॉ. दीपाली ने नर्सिंग ऑफिसर उर्मिला के साथ अभद्रता की। इसके बाद मौके पर दोनों के बीच तीखी बहस हुई। सभी नर्सिंग कर्मचारी डॉक्टर के ऐसे व्यवहार के खिलाफ में विरोध प्रदर्शन पर उतर गए। साथ ही डॉक्टर एवं अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गयी।

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी ने बताया की डॉक्टर की ओर से आए दिन कार्मिकों के साथ में अभद्र व्यवहार किया जाता है। काम के दौरान उनके साथ बदतमीजी की जाती है। इससे उनके सम्मान को ठेस पहुंचती है।

प्रदर्शन के बाद में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुसुमलता मीणा ने नर्सेज से वार्ता की। उन्होंने डॉक्टर से माफिनामे का आश्वासन दिया। चौधरी ने बताया कि गुरूवार तक माफीनामा नहीं होने पर गेट मीटिंग स्वरूप विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष महिपाल सामोता, अस्पताल संयोजक विकाश चौधरी, राजकुमार महला, विनीता शेखावत, किरण प्रजापत, सरिता जांदू, अभिषेक शर्मा सहित समस्त नर्सेज कार्मिक मौजूद रहे।

# प्रदेश को फिर बनाएंगे 'हरियाला राजस्थान' : खर्रा

**जयपुर**। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राजस्थान की पहचान सूखे मरुस्थल के रूप में बन गई है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुहिम 'एक पेड़ मां के नाम' के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान को एक बार फिर 'हरियाला राजस्थान' बनाएंगे। खर्रा ने बताया कि मानसून की मेहरबानी के बीच हरियाली तीज पर स्वायत्त शासन विभाग और प्रदेशभर की निकायों ने 15 लाख से ज्यादा पौधे लगाए है। खर्रा ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे में आगे भी इसी तरह पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को राज्य सरकार निभाती रहेगी। पौधारोपण अभियान में प्रशासन के साथ आमजन भी उत्साह के साथ जुड़े। इस मुहिम की जनप्रतिनिधियों ने भी सराहना की है।

# होटल में महिला ने चुन्नी से फंदा लगाकर जान दी

**जयपुर**। जालूपुरा इलाके में एक महिला ने मंगलवार देर रात जय मंगल पैलेस होटल में पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। फिलहाल महिला के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। महिला के पास 18 पेज का सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने अपने बच्चों, परिवारजनों सहित अन्य लोगों के लिए कई बातें लिखी है। सुसाइड नोट में बच्चों को आई लव यू और आई मिस यू भी लिखा है। 18 पेज में से दो पेज गुजराती में लिखे है। पुलिस इन पेजों को पढ़वाने का प्रयास कर रही है।

पुलिस के अनुसार कुमावत कॉलोनी ब्यावर निवासी 32 वर्षीय अंजली पत्नी प्रकाश सिंह की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। उसके दो बच्चे है। एक बेटा और एक बेटी। महिला मंगलवार रात होटल में आकर रुकी थी। सुबह जब महिला बाहर नहीं आई तो होटल स्टाप ने 11 बजे कमरे का दरवाजा खटखटाया। अंदर से आवाज नहीं आने पर दूसरी चाबी से गेट खोलकर देखा गया तो महिला फंदे से लटकी मिली। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को उतार कर अस्पताल में रखवाया। पुलिस ने महिला के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

थानाधिकारी ममता ने बताया कि अंजली के पास बहुत सारे दस्तावेज मिले है। महिला सरकारी और प्राइवेट कम्पनियों से लोन दिलाने का काम करती थी। महिला का पति होटल व्यवसाय से जुड़े हुए है। महिला का पति बहरीन में रह रहा है। मृतका के पास 18 पेज मिले है। इसमें घर परिवार और सदस्यों से जुड़ी कई बातें लिखी है। इनमें दो पेज गुजराती में लिखे है। महिला मूलतः गुजरात की रहने वाली है। सुसाइड लेटर में महिला ने अपने बच्चों को आई लव यू, आई मिस यू और उनका ख्याल रखने की बात लिखी है।

# तेज रफ्तार कार से कांस्टेबल को टक्कर मारी

**जयपुर**। सांगानेर इलाके में नाकाबंदी के दौरान रुकने का इशारा करने पर तेज रफ्तार कार ने महिला सिपाही और ट्रैफिक हेड कांस्टेबल को टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। पुलिस ने कार चालक को पकड़ लिया है। कार चालक ने पुलिस की जीप और बाइक को टक्कर मार दी।

हैड कांस्टेबल रामपाल ने बताया कि इलाके में स्थित कुंभा मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान तेज रफ्तार से आ रही कार को रुकने का इशारा किया। कार चालक ने अपनी स्पीड बढ़ा दी। कार पहले डिवाइडर से टकराई। फिर महिला कांस्टेबल और ट्रैफिक हेड कांस्टेबल को टक्कर मार दी। हादसे में महिला कांस्टेबल सुनीता का पैर फ्रैक्चर हुआ है, जबकि हेड कांस्टेबल रामपाल के सीने और कमर पर चोट आई है। इधर, पुलिस ने कार सवार को डिटेन कर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को आरयूएचएस में पहुंचाया। हैड कांस्टेबल ने बताया कि कार जयपुर की ओर आ रही थी। उनकी ड्यूटी कुंभा मार्ग पर थी। कार पहले डिवाइडर से टकराई। इसके बाद कार ने मौके पर मौजूद महिला कांस्टेबल को टक्कर मारी और फिर उनकी बाइक को घसीटते हुए ले गया। इस दौरान कार सवार ने प्रताप नगर थाने की जीप को भी टक्कर मार दी। घायल पुलिसकर्मियों ने मामला दर्ज करवाया है।



**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की महिलाओं ने संयुक्त निदेशक नर्बदा इन्दोरिया व जनसंपर्क अधिकारी सरिता जाखड़ के साथ तीज महोत्सव मनाया।**

# सोशल मीडिया पर छात्रसंघ चुनाव का फेक चुनावी शेड्यूल वायरल

- **शिक्षा विभाग ने इसे फेक बताते हुए कहा कि राज्य में छात्रसंघ चुनाव करवाने को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है।**

**जयपुर**। राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव 27 अगस्त होने का एक शेड्यूल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उच्च शिक्षा विभाग ने इसे फेक बताते हुए कहा कि राज्य में छात्रसंघ चुनाव करवाने को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है। शिक्षा विभाग के हवाले से 7 अगस्त की तारीख का एक नोटिफिकेशन सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर के कॉलेज और यूनिवर्सिटीज में छात्रसंघ चुनाव का शेड्यूल जारी किया गया है। इस नोटिस में लिंगदोह कमेटी की सिफारिश को लागू करते हुए प्रदेश में फिर से छात्रसंघ चुनाव कराने की बात कही गई है। इस लेटर के अनुसार 19 से 28 अगस्त तक पूरी चुनाव प्रक्रिया चलेगी। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव सुधीर कुमार ने इस दावे को फेक बताया। उन्होंने बताया कि छात्रसंघ चुनाव को लेकर फिलहाल कोई फैसला नहीं हुआ है। कुछ शरारती तत्व सोशल मीडिया पर गलत मैसेज वायरल कर रहे हैं। यह पूरी तरह से फेक है। सरकार इस तरह की हरकत करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। राज्य की तत्कालीन गहलोत सरकार ने पिछले साल छात्रसंघ चुनाव स्थगित करने का फैसला किया था। इसके बाद प्रदेश भर में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। लेकिन, सरकार ने अपने फैसले को नहीं बदला था। अब प्रदेश में बीजेपी सरकार में भी छात्रसंघ चुनाव को लेकर असमंजस की स्थिति है। उच्च शिक्षा मंत्री चुनाव स्थगित करने को पूर्व सरकार का फैसला बताते हुए कुछ भी कहने से बच रहे हैं। वहीं भाजपा के जो नेता छात्रसंघ चुनाव शुरू करने की मांग करते थे, उन्होंने भी चुप्पी साध ली है। इसके बाद राजधानी जयपुर समेत प्रदेशभर में छात्रों ने छात्रसंघ चुनाव की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं।

# मरीज से मिलने आए 3 युवकों ने डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ को पीटा

**जयपुर**। बजाज नगर स्थित जयपुर हॉस्पिटल में मरीज से मिलने आए तीन युवकों ने डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और गार्ड से मारपीट की। वार्ड में घुसकर गलत भाषा का प्रयोग किया। सीसीटीवी फुटेज में तीनों युवक नजर आए है। डॉक्टर की रिपोर्ट पर पुलिस ने नामजद मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि डॉक्टर शुभम कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि हॉस्पिटल के वार्ड 67 में मरीज रवि गुर्जर भर्ती था। 5 अगस्त की रात 9 बजे उससे मिलने के लिए तीन युवक अशोक गुर्जर, सरदारसिंह, विकास गुर्जर हॉस्पिटल आए थे। तीनों युवकों ने वार्ड में मौजूद डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और गार्ड के साथ गाली-गलौज की। अभद्र भाषा का प्रयोग कर धक्का-मुक्की करने लगे। पीसीआर बुलाई, उससे पहले तीनों भाग छूटे।

# बदमाशों ने चार लाख रु. से भरा ए.टी.एम. उखाड़ा

**जयपुर**। करधनी में बेखौफ बदमाश कार से बांधकर एटीएम मशीन को उखाड़ कर ले गए। वारदात के समय एटीएम में चार लाख रुपए से ज्यादा की राशि रखी थी। बदमाश एक लग्जरी कार में सवार होकर आए थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि इलाके में स्थित गोकुलपुरा फाटक के पास हिताची बैंक का एटीएम लगा हुआ है। सुबह करीब सवा पांच बजे कार में सवार होकर चार-पांच बदमाश पहुंचे और सबसे पहले एटीएम का गेट तोड़ दिया। इसके बाद रस्सी से एटीएम मशीन को बांधा और कार से खींच कर उखाड़ लिया। इसके बाद बदमाशों ने एटीएम मशीन को कार में डाला और लेकर फरार हो गए। राहगीर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ए श्रेणी की नाकाबंदी करवाई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। थानाधिकारी ने बताया कि बदमाश फॉर्च्युनर कार में सवार होकर आए थे। बदमाशों ने पहले एटीएम का गेट तोड़ा। इसके बाद कार से ही एटीएम को उखाड़ गाड़ी में डालकर रवाना हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में नाकाबंदी करवाई गई। जयपुर से बाहर जाने वाले रास्तों पर भी पुलिस जाब्ता तैनात कर निगरानी रखी जा रही है। एटीएम में करीब 4.41 लाख रुपए थे। घटना की जानकारी के बाद जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी और डीएसटी टीम भी मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।



**पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बुधवार को हरियाली तीज पर रिजर्व पुलिस लाइन में पौधारोपण किया। इस मौके पर उनके साथ अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप व कैलाशचंद्र विश्नोई समेत कई अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने भी पौधे लगाए।**

# 'जैसे मां का ध्यान रखते हैं वैसे ही पेड़ों का ध्यान रखें'

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि "हम सबको न केवल पेड़ लगाने चाहिये बल्कि जैसे परिवार के सदस्यों विशेषकर मां का ध्यान रखते है, वैसे ही पेड़ का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण और उसकी देखरेख के दौरान अपनी मां को भी साथ रखे ताकि उन्हें यह महसूस हो की आप उनका भी ख्याल रखते है, क्योंकि व्यस्तता के चलते कई लोग अपने परिवार को समय नहीं दे पाते है। उपमुख्यंत्री बुधवार को "एक पेड मां के नाम" अभियान के तहत 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा विधाधर नगर स्टेडियम में पौधारोपण के लिए आयोजित "हरियालो राजस्थान" कार्यक्रम को सम्बोधित कर रही उन्होंने विधाधर नगर स्टेडियम में वृक्षारोपण किया। बच्चों से संवाद करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मियों के मौसम में गर्मी लगातार बढ़ रही है, अतिवृष्टि हो रही है। मौसम में लगातार और तेजी से हो रहे यह बदलाव साबित करते है कि क्लाइमेट चेंज हो रहा है, ग्लोबल वार्मिग लगातार बढ़ रही है। यह सब हमारी पीढ़ी की गलतियों के दुष्परिणाम है। उन्होंने बच्चों से कहा कि "आप देश का भविष्य हो, आप पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर भविष्य को अच्छा कर सकते हो ताकि इन दुष्परिणामों से बचा जा सके।" उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि, हर वह तरीका अपनाये, जो पर्यावरण संरक्षण करे। जैसे छतों पर बरसने वाले पानी का संग्रहण, बिजली-पानी की बचत, वृक्षारोपण आदि।ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि "एक पेड़ मां के नाम" अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसके माध्यम से वे देश को क्लाइमेट चेंज के प्रभाव से बचाना चाहते है।

उन्होंने हमे एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, और हमारा दायित्व बनता है कि हम बढ़-चढ़कर इसको पूरा करे। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है की रोज एक पेड लगाये और उसे सहेजकर बड़ा करे ।



### International Cat Day

*International Cat Day* is a full 24-hours of recognition and veneration for one of humanity's oldest and most beloved pets, the cat! If they would lower themselves to have a conversation with a mere human, any cat would probably say that every day should be a day for celebrating cats all over the world. But this is one particular day that the humans have set aside each year for that purpose. It's time for *International Cat Day*! Pamper your furry feline friends.

#OLYMPICS

## Oh! No! Phogat!

She had three events back-to-back and a weigh-in the next morning for the finals





Divij Sharma
*Arbit Correspondent*

Whose fault is it? Why did it happen? Is it not true that organizers of the Olympics are being rather 'stringent' with us Indians? After all, it is all about *100 gms*. This needs to be explored a little deeper, and I hope below 300 words will try and dispel some of your doubts.


In contact sports, much like wrestling or boxing, weight categories are very important, much like a Brahmin will not kill a cow. For example, if there is a boxer, who fights in the Middle Weight category, reduces his weight by a kilo or so and ends up fighting in the Welter Weight category, he will dominate in that category. Weight is not only dependent on fat and muscle. Weight is also dependent on height, bone density etc. and hence, fighting in the lower weight category gives the sport-person a great advantage in the lower category. The reach becomes better, the strength of the muscle is a lot more.

Aforementioned is not a great secret, everyone participating in contact sport knows this and hence, everyone in tandem regularly tries to enter the event in the lower category. What happened in the Phogat matter is a crazy mix of misfortunes, this is my assessment.

Vinesh Phogat normally participates in 53 Kg category, due to her recent injury and Brij Sharan episode, she lost a great deal of time to prepare for the Olympics. Hence, I am told that she tried two categories for the Olympics i.e., 53 kg and 50 kg and, as was expected, easily qualified in the lower category. Now, let us get into some management technicalities on how these events happen. Normally, weighing for the participating sports persons happens with three doctors and other technical staff (referee, officials etc.) present. The doctors not only confirm the weight of the participant but also check for abnormalities, injuries (external/ internal), sight etc. and the officials ratify the findings. Doctors also take blood, urine and stool samples to check for medicinal usage and, of course, drugs. All this happens in the nude. Normally, these tests are done in the morning of the scheduled event which is in the evening.

Now, the participants, who take part in the lower weight category, normally two days before the event, stop one meal and the day before the event, avoid any food altogether, stop salt and in extreme cases, even water. They wear heavy clothes etc. to sweat excessively, to lose 100 to 500 gms. After all, it was only about the morning weighing. Post the weighing, the participants make a beeline to the mess and satiate themselves. This is a well-established practice and an accepted norm.

In Vinesh Phogat's case, unfortunately, she had three events back-to-back and a weigh-in the next morning for the finals. Even satisfying herself with large gulps of water and much-needed food resulted in a movement of 100 gms. Such is life.



# Khota Sikka... Ziddi Woman...


## Disqualified But Still The Greatest



On the day of her selection trials for Olympic and Asian slots, Vinesh spoke to the researchers from the Sports and Rights Alliance (SRA), an athlete's rights organisation, about the protests. Her words in the SRA's recently released report on "Sexual Abuse in the Indian Wrestling Federation" are plain, lucid, searing, "Indian society normalises abuse and harassment. They will only take it seriously when the assault is gruesome. But it is like how we fight a wrestling bout. Whether we lost by one point or by ten, we lose. Whether the assault is big or small, it is an assault. An act against our will."



A league of her own.



Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

The *Phogat* are six sisters from Haryana, India, all of whom are wrestlers. In order of their birth, they are Geeta, Babita, Priyanka, Ritu, Vinesh, and Sangeeta. This is not the first time they have made history, we all know. This time again, history is in the process of being written, in favour of India. France is the venue, we hold our breaths for the final push. Meanwhile, Seine and the French streets hold their breaths, too.

A long, slow walk from Champs de Mars Arena, the Olympic wrestling venue, will lead to a group of female statues in the heart of the Jardin du Luxembourg, Paris's most popular park. They are called the '*Reinnes de France et Femme illustres*' (the 'Queens of France and famous women') and feature saints, regents and warriors. There's Anne of Austria, Margaret of Anjou and Louise of Savoy, Joan of Arc was there too, before they moved her into the Louvre.

Now, they should really make room for *Vinesh of India*.

If Paris 2024 must find an exemplar in its push for gender parity, respect and inclusion, they need look no further than this fighter of fire, ice and unshakeable belief. It is what has brought Vinesh Phogat into the gold medal round at the Paris Olympics. She reminded everyone in India, those who tried to crush her, those who believed in her, that no matter what colour the medal, she will not go quietly. Not now, not ever. Absolutement.

The Olympics was always meant to be the stage for this most-gifted wrestler from the Phogat family, but it had, so far, been an unforgiving odyssey. We had seen many Vineshs, stretchered off, weeping in pain and grief from Rio 2016 that the ACL shredded in her left knee. Distraught after being pinned in the Tokyo 2021 quarter-final. The after-effects of a 2017 concussion and Covid leaving her way off her physical best, without a physio, struggling to handle the weight cut, beaten in body, heart and mind, contemplating quitting the sport.

In Paris, we saw a different Vinesh. She was not like the woman we had seen over the last 18 months or through a long career. When she stepped in to fight, you could see that she had given up much in order to regain her place at the Games. She had stripped her weight category down from 53 to 50 kg and stayed true to the brutal regimen required to stay competitive. Eating in morsels even while training and fighting, careful even about the amount of water she drank. On Tuesday, Vinesh appeared a wraith-like version of a younger self, a bob replacing her braids. When she first appeared on TV, there was something almost luminescent about her, walking calmly in small steps up to the ring, as her opponents bounded, strutted, trotted.

A central figure in the wrestlers' protests against the alleged venality and violence of federation boss, Brij Bhushan Sharan Singh, Vinesh, the athlete, transported herself from the ring out into public life over the last year. During the many nights and days spent on the pavements of Delhi in the heat and cold, Vinesh has found herself growing, strengthening. With every abuse she faced, every tear she shed or act of brutality she felt from the establishment and their police, she shed fear, restraint, deference and doubt. When they went low, she went high.

On the day of her selection trials for Olympic and Asian slots, Vinesh spoke to the researchers from the Sports and Rights Alliance (SRA), an athlete's rights organisation, about the protests. Her words in the SRA's recently released report on "Sexual Abuse in the Indian Wrestling Federation" are plain, lucid, searing, "Indian society normalises abuse and harassment. They will only take it seriously when the assault is gruesome. But it is like how we fight a wrestling bout. Whether we lost by one point or by ten, we lose. Whether the assault is big or small, it is an assault. An act against our will."

Vinesh's husband, Somveer Rathi, described her to Al Jazeera, "She is *ziddi* (stubborn) and doesn't get scared. Once she decides something... she does it...giving up doesn't cross her mind."

Through the first half of 2023, the protests occupied her time and her attention. Through the second half, she was recovering from surgery on the same troublesome ACL. But Vinesh wanted to be in Paris and, in the narrowest window of time available to her, found her way through.

In her first bout, Vinesh was up against a Japanese legend Yui Susaki, who, the commentators said, was already, "setting her goals for Brisbane 2032." Vinesh was to pull off the biggest upset in Paris yet, her performance across three bouts today born of high-quality skill and tactical nous. Of defence and attack, timing and speed, quickness of mind and stoutness of heart. Her defensive masterclass against Susaki surprised everyone who had followed Vinesh's career, her high-speed takedown in the last 12-seconds of the dour bout, stunning the world and shredding the form book.

Wrestling has one of the shortest, sharpest programmes at an Olympics, started and finished inside 36 hours. Wrestlers fight their first two bouts within 90 minutes, take a break for the third bout and if they make it through the rounds, have a night's sleep before starting again the next day.

Every second Vinesh stayed on the mat in Paris on her feet, game face in place, unyielding, unflinching, was a demonstration of defiance. Her body in motion, in victory was an 'eat my dust' message to the man, who had called her a *khota sikka* (counterfeit coin) after Tokyo, and to those who continue to suspect and blame victims in defence of perpetrators.


When the buzzer signalled Vinesh's semifinal win and entry into the 50 kg Olympic final, her Hungarian coach, Voller Akos, began to cry. Wrung out at the end of her wrestling day, having battled past so much more than tears, Vinesh walked out of the hall with Akos and she was smiling. It was a smile of conviction. You don't pick a fight with a *ziddi* woman.

In all these years, we believed and maybe, she did too, that an Olympic medal would validate her talent and her career. Her Olympic medal will, indeed, be beautiful, loud, proud, resonant. But Vinesh's sphere of influence is now beyond this athletic ring. Nobody on India's Olympic contingent, this one or those yesterday, medal or not, can say this of themselves. Today, Vinesh Phogat is India's biggest, bravest, boldest Olympian. We are lucky to have her.



Security personnel in a scuffle with Vinesh and Sangeeta.

#OLYMPICS



Vinesh takes down Yui Susaki.

She stood on the cusp of ultimate glory in the Paris Olympic Games 2024, but has now been disqualified from the competition entirely. Vinesh, who was competing in the 50 kg freestyle wrestling category, is out of the competition, having been weighed over the limit for her event. Vinesh usually competes in the 53 kg category but brought her weight down to 50 kg for the Paris Olympics. On Day 2 of her weigh-in, however, Vinesh was found weighing over the desired limit, though by a small margin of about 100 grams. Vinesh reportedly tried to do all she could to come under the desired weight, be it skipping meals, or running. She didn't sleep the entire night, hoping to fall under the weight category. The Indian officials also asked the Olympic committee for more time but the efforts went in vain.

### There was no way to beat her

In hindsight, none of Vinesh Phogat's opponents at the Champ-de-Mars Arena in Paris stood a chance. Sure, they were among the best wrestlers, world and Olympic champions, all driven by whatever drives Olympic athletes to succeed.

But Vinesh was an unstoppable force driven by a superior power. She was fuelled not by the desire for mere sporting success, she was fighting for a larger cause. For her own reputation, for that of her fellow wrestlers, who took on the system with her, for all athletes who had faced similar situations.

Even so, her achievements on Tuesday were remarkable. In the space of seven hours, she beat the reigning Olympic and world champion, a two-time European Games medallist and a Pan-American Games champion to go where no Indian woman wrestler has gone before, the Olympic final, and an assured medal. Only she was disqualified at the end of it.

As incredible as those wins was how she did it. She had three carefully charted out strategies for her three opponents, beginning with the stunning win over Yui Susaki, unbeaten in her international career, via a defensive masterclass. Vinesh went into the bout looking at it as a final. She would have a shot at the bronze even if she lost to Susaki via the repechage system, but Vinesh was there for the gold.

As she walked to the mat, she looked well. There were no sunken eyes as is the case with most wrestlers who endure gruelling weight cuts the day before a competition. It was evident that Vinesh had managed her weight well, she was leaving nothing to chance.

Susaki has one of the strongest grips in her division. She practices speed skating and bouldering to strengthen her grip. But even that was not enough to get a move on Vinesh. Susaki went for a takedown on Vinesh's right leg, the same one that was operated on last year, but Vinesh was prepared. She was in the zone, saw it coming and lunged forward with her left leg to generate momentum and shift her weight to counter the takedown. It was a superb display of defence, not what you usually expect to see from a traditionally all-out attack Vinesh. Susaki had never been kept quiet for so long.

Even Sakshi Malik, the only other Indian woman wrestler to win an Olympic medal, was pleasantly surprised to see Vinesh's defensive nous. "This was not her normal style. Vinesh is usually an attacking wrestler," Sakshi told ESPN after the bout. "But Susaki is a very smart and experienced opponent so Vinesh switched it up today. She was very smart in how she fought against Susaki. She did not make any fake attacks, lest she commits a mistake and gives Susaki an opening. That was an exceptional strategy."

With 19 seconds left, Vinesh switched gears and got on the aggressive. Susaki, frantically, darted around the mat. As she backtracked and was off-balance, Vinesh saw the moment. Twelve seconds left.

She knocked Susaki onto the mat and locked her in a back hold to complete the takedown. Vinesh maintained the grapple to run down the clock and scripts one of the biggest upsets in Olympic wrestling history.

The most striking aspect was not the takedown in the final 12 seconds, but the manner in which Vinesh defended against Susaki for the previous five minutes and 48 seconds. Susaki is not someone you can shut down like that. She hadn't conceded a single point at the Tokyo Olympics to win gold.

It was all part of Vinesh's masterplan. She teed it up perfectly to explode in the final few seconds. At the end, Susaki's stunned face, the picture of disbelief, was in perfect contrast to the ecstasy on Vinesh's face.

Was it risky? It, sure, was. But if anyone could pull it off, it was Vinesh. "Vinesh knew what she was doing. She was the one to beat Yuki Irie at the 2018 Asian Games to become the first Indian woman wrestler to win a gold medal at the Asian Games. She showed Indian wrestlers that it was possible," says Anita Sheoran, a Commonwealth Games gold medallist and the lone woman to contest last December, for the president post of India's Wrestling Federation.

"It was so smart. Vinesh knew how she plays, no one has ever taken a point from Susaki at the Olympics. She is like current, like *bijli*. She never stops, doesn't let anyone touch her and attacks so quickly. I don't think any Indian wrestler fights so intelligently."

Vinesh went about the fight with absolute poise. She held back and defended with her life for large parts and attacked ferociously, when even the tiniest of cracks appeared in the Cuban's defense.

Vinesh, India's only woman wrestler to fight at three Olympics, evaded everything that Guzman threw at her. She went after Vinesh's right leg repeatedly, but Vinesh simply wriggled out of the attempts. She let Guzman do the bulk of the attacking in the opening period, and was content to hold back. It was all part of the ploy. At the break, coach, Woller Akos, said something to the tune of "creep low and attack the legs" and that was the brief that Vinesh needed.

She went for a half-hearted attempt, 20 seconds in, but pulled herself back. The timing wasn't right. When she went again 17 seconds later, it was perfect. She grabbed onto Guzman's right leg for a takedown and a 30-second struggle later, she rolled her over for two more. Vinesh led 5-0, and that was it.

Speaking to this reporter in November 2023, Vinesh said, "The only thing I have told Bajrang and Sakshi is that I will still fight. I will look him (Brij Bhushan Sharan Singh) in the eye and *medal leke aungi main, tu dekh* (bring back a medal and show it to him). They both have Olympic medals, I don't. I have a reason to fight. If I train well, I can win a medal. No one can stop me."

On Tuesday, Bajrang Punia, her fellow wrestler and comrade in the trenches through the past 18 months, echoed those words to ESPN, "She told me "I am fighting for the future generation of wrestlers. Not for myself, my career is done and this is my last Olympics. I want to fight for the young women wrestlers, who will come, and fight for them so that they can wrestle safely. That's why I was in Jantar Mantar, and that's why I am here.""

On August 6, 2024 she came, she saw, she conquered.

Vinesh returned to the mat around an hour later to face Ukraine's Oksana Livach in the quarterfinal. This time, a display of attacking wrestling followed.

Vinesh was back to her usual attacking self and dominated the bout. She bagged a takedown early on and bossed the bout for most parts. She even had a couple of chances to roll Livach over and wrap up the win, *vintage Vinesh* was back on display.


And Vinesh was clever in how she handled the contest. Leading 5-3 with 48 seconds to go, she conceded a point via a step out. It was always going to go against her, but she asked coach Woller Akos to challenge it. Vinesh lost the challenge and conceded another point. Was it risky? Absolutely. But again, it was all part of the ploy. It gave her 30 seconds to regroup and when the bout resumed, Vinesh collected another takedown to wrap up the contest.

It was a completely different strategy from the first bout, but it was what was needed. For Vinesh to be smart, switch up her plans, and do what it took to inch closer to that *elusive* medal.

rajeshsharma1049@gmail.com




Vinesh Phogat fell ill after her disqualification.




Vinesh suffered an injury in the 2016 Rio Olympics.

### THE WALL




### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## टोंक में 5,84,482 पौधे लगाए

**टोंक।** हरियाली तीज के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के एक पेड़ मां के नाम-आओ बनाएं हरियालों राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए जिले में एक दिन में एक साथ 5 लाख 84 हजार 482 पौधों का रोपण कर "हरियालों टोंक" का संकल्प लिया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की इस अभिनव पहल पर बुधवार को टोंक जिले के लोगों, सामाजिक संगठनों, एनजीओ, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एवं राजकीय कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। माण्डव ऋषि की तपोभूमि, मांडकलां, नगरफोर्ट में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान (एक पेड़ मां के नाम) के तहत प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही, जिला परिषद मद से 2 करोड़ 38 लाख की राशि से स्वीकृत कुल 33 विकास कार्यों तथा राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा स्वीकृत 43.10 लाख रुपये एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना में 18 लाख रुपये की राशि से कराए गए विविध कार्यों का लोकार्पण किया।

# जन-जन को अधिक से अधिक वृक्षारोपित करने के लिए प्रेरित करें : उपाध्याय

■ विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न किया गया वृक्षारोपण

**पावटा।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान एवं एक पेड मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र मे क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियो की उपस्थिति मे कस्तूरबा गांधी राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय पालडी, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेड, राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेल मैदान गोपाला लाडाकाबास, भोमिया जी महाराज पावटा सहित विभिन्न स्थानो पर सघन पौधारोपण किया गया। इस दौरान बजट मे विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए हुई घोषणाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने विधायक कुलदीप धनकड का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रमो के दौरान क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने संबोधित करते हुए कहाँ कि पौधारोपण के माध्यम से मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान को विधायक कुलदीप धनकड ने सम्बोधित किया।

भजन लाल शर्मा के वृक्षारोपण महाअभियान को जिले मे सफल बनाना है। साथ ही आमजन को पर्यावरण से जोडकर उनमे प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जागृत करना है। जिससे जिले मे लगाए गए पौधों की जनसहभागिता के माध्यम से सार संभाल सुनिश्चित की जा सके। वही उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने कहाँ कि मुयमंत्री के वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत हरियालो राजस्थान एवं एक पेड मां के नाम के तहत जिले मे सभी स्तरो पर सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायतों मे घर घर जाकर जन जन को अधिक से अधिक वृक्षारोपित करने के लिए प्रेरित करे। पर्यावरण के प्रति उन्हे जागरूक करे। ज्यो भी समाज सेवा का भाव रखने वाले प्रकृति प्रेमी इस महाअभियान को सफल बनाने मे योगदान देना चाहते है उन्हे आगे लाये और सार्वजनिक भूमि, राजकीय परिसर, मंदिर परिसर, मोक्षदाम परिसर, चारागाह भूमि सहित विभिन्न जगहो पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करवाये। तहसीलदार प्रवीण सैनी ने कहाँ कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण के साथ ही वृक्षों को बडा व सुरक्षा करना भी प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

## सार-समाचार

### मौसमी हादसे से बचाव के गुर बताए

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती पनियाला मोड स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को बरसात के मौसम में दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाये को लेकर सुरक्षा जागरूकता का आयोजन किया गया। बारिश के दौरान बिजली के उपकरणों और खंभों से जुडे जोखिमों से बचने के लिए छात्रों द्वारा एक नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसका उद्देश्य सभी छात्रों को यह सुनिश्चित करना था कि बरसात के मौसम में दुर्घटनाओं से कैसे बचें और सुरक्षित रहें। नाटक में दर्शाया गया कि अक्सर बरसात के मौसम में बिजली के खंभों, तारों और घरेलू बिजली के उपकरणों से जुड़ी दुर्घटनाएँ होती हैं। ऐसे में छात्र सतर्क रहें और खुद, अपने परिवार की सुरक्षा के लिए सावधानी बरतें। प्रिंसिपल बिंदु सांगवान ने बताया कि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना स्कूल की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### डॉ. अश्वनी गोयल जिलाध्यक्ष बने

**कोटपूतली।** विश्व हिन्दू परिषद की प्रान्त बैठक में डॉ. अश्वनी गोयल को जिलाध्यक्ष, रामविलास सिंघल को जिला संरक्षक, सुरेंद्र कुमार को अलवर विभाग बजरंग दल संयोजक व संजय को जिला संयोजक का दायित्व दिया गया। प्रान्त सह मंत्री विवेक दिवाकर ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी को विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण हो जायेंगे। इस मौके पर प्रत्येक प्रखंड में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए प्रखंड बैठक कर योजना बनाने का निर्णय हुआ। इस अवसर पर संरक्षक व अध्यक्ष का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ. अश्वनी गोयल ने कहा कि तन मन धन से समाज हित में ईश्वरीय कार्य करने हेतु हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने टूटती परिवार व्यवस्था को जोडने हेतु कुटुंब प्रबोधन पर विशेष जोर देने का आग्रह किया।

### दानपात्र तोड़ ले गये नगदी

**मालपुरा ( निस)** टोडारायसिंह क्षैत्र की घारेडा ग्राम पंचायत के श्रीनगर मे पुलिया वाले बालाजी मंदिर के दान पात्र तोड चुरा ले गये नगदी। ग्रामीणो ने बताया कि रात्री को पुलिस गश्त के अभाव मे चोरो ने मंगलवार की रात तीसरी बार बालाजी मंदिर को निशाना बनाते हुये दानपात्र तोड तकरीबन 8 से 1० हजार रूपये की चढावा राशि चुरा ले गये। साथ ही मंदिर मे रखी पूजा सामग्री को भी ले भागे। मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष की और से चोरी का मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने चोरो की तलाश शुरू की।

### जुआ खेलते 6 आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** बरोनी थाना क्षैत्र में सार्वजनिक स्थानों पर जुआं खेलने वालो पर कार्यवाही करते हुए थाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना होटल किंग के पास ताश (जुआ) खेलते 6 आरोपियों को जुआ राशि 60290 रूपये के साथ गिरफ्तार किया। ारोनी थानाधिकारी प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 6 आरोपी जिसमें राजेन्द्र पुत्र किशनलाल उम्र 34 साल निवासी सिविल लाईन टोंक, ंअकील पुत्र बद्दू खां उम्र 38 साल निवासी निमेडी इसाखपुरा झिराना, श्शरिफ पुत्र रफिख खां निवासी मदारीपुरा झिराना, प्रकाश पुत्र मोहनलाल मीणा उम्र 29 साल निवासी बगडी मण्डावरी, सोनू पुत्र रामलाल माली उम्र 32 साल निवासी सिविल लाईन टोंक एवं सुरेश पुत्र छित्तर मीणा उम्र 34 साल निवासी देवलदा मण्डावरी जिला दौसा को गिरफ्तार किया गया।

### भारत न्याय यात्रा 9 को

**टोंक।** जिला कांग्रेस सेवादल की ओर से 9 अगस्त 2024 शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय टोंक से मुख्य बाजार होते हुए घंटाघर चौराहा टोंक तक अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर भारत न्याय यात्रा निकाली जाएगी। सेवादल जिला अध्यक्ष अब्दुल खालिक ने बताया कि यात्रा में सेवा दल जिला प्रभारी राम अवतार शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बेरवा सहित कांग्रेस संगठन से जुड़े स्थानीय जनप्रतिनिधि (सांसद, विधायक, नगर परिषद, पालिका के अध्यक्ष गण, प्रधान, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पाषर्दगण) सहित ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों पर प्रकोष्टो, विभागों के अध्यक्षो सहित समस्त कांग्रेस जन भाग लेंगे।

## पावटा विश्वनाथ मंदिर में बाबा भोले को चढ़ाया गंगाजल

**पावटा।** डाक कांवड के प्रति युवाओं का रुझान बढता जा रहा है। पावटा कस्बे से श्री राम डाक कावड सेवा संघ के तत्वाधान में बाबा भोले के अघोरी शिव भक्तों का 10 सदस्यीय एक जत्था 2 अगस्त शुक्रवार रात्रि को अपने वाहनों में सवार होकर हरिद्वार से डाक कांवड लेने के लिए रवाना हुआ था। जिसमे डाक कांवड यात्रा के दौरान एक शिवभक्त ने पवित्र गंगाजल लेकर दौडना शुरू किया उसके अन्य साथी अपने वाहन में उसके साथ-साथ चल रहे थे।

गंगाजल लेकर दौड रहा शिवभक्त थकने के बाद अपने दूसरे साथी को गंगाजल देने के बाद साथ चल रहे वाहन में सवार हो जाता और उसका दूसरा साथी गंगाजल को लेकर दौडना शुरू कर देता। इस तरह बारी-बारी से सभी शिव भक्तों श्री राम डाक कावड गौ सेवा संघ राजू शर्मा, नितिन मुद्गल, विनीत गौड, विनोद यादव, धौलाराम यादव, वैभव सोनी, प्रद्युन चौहान, संजय सैनी, कुलदीप सैनी ने मिलकर 72 घंटो मे गंगाजल लाकर 6 अगस्त मंगलवार को पावटा कस्बा स्थित विश्वनाथ महादेव मंदिर मे बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए मंत्र उच्चारण करके बाबा भोले को कावड चढा क्षेत्र की खुशहाली व शांति के लिए प्रार्थना की। कावड यात्रियों के कस्बे में आगमन पर नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, बद्री प्रसाद चौहान, विनोद यादव, कमलेश गर्ग, प्रहलाद सैन, आशीष पंचोली, नितेश कुमार शर्मा, राहुल शर्मा, पंडित साहिल टीलावत, सोमदत्त शर्मा, विक्की सैनी, बेगराज सिसोदिया, कालू सोनी, राघव टीलावत, अशोक जांगिड, राहुल चौहान, दीपक तिवाडी, मनीष यादव, जितेंद्र सोनी, रणजीत योगी, कैलाश सिसोदिया, मनोज सैनी, गिरिराज, जीतु सहित बडी संया में ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।

## कुम्हार समाज ने मंत्री जोराराम को सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली।** पशुपालन एवं डेयरी गोपालन व देवस्थान विभाग कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत को जयपुर आवास पर पहुंचकर कुम्हार समाज की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कुम्हार समाज ने श्रीयादे माता की जयंती पर माघ शुक्ला दोज के दिन राजकीय कैलेंडर में एक दिन का राजकीय अवकाश घोषित करने, कुम्हार समाज की बालिकाओं की उच्च शिक्षा के लिए विशेष प्रावधान व बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में छूट देने, मिट्टी कला से जुड़े कुंभकारों को मिट्टी की उपलब्धता व मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुंभकारों के लिए निःशुल्क जमीन आवंटित एवं सब्सिडी, लोन व इंश्योरेंस, मिट्टी के बर्तनों पर होने वाले नुकसान की भरपाई मुआवजे से हो एवं कामगारों का भी इंश्योरेंस हो एवं कुम्हार निधि योजना से सहयोग आदि मांग रखी।

## 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया



आमेर उपखंड क्षेत्र के गुणावता गांव में एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**आमेर।** आमेर उपखंड क्षेत्र के गुणावता गांव में राजकीय प्राथमिक विद्यालय भोमिया जी मंदिर में खेल मैदान में 7 अगस्त के आदेशानुसार मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम 7 अगस्त बुधवार को लबाना पंचायत स्तर पर किया गया जिसमें लबाना सरपंच पति श्रवण शर्मा, कांठोस ब्लॉक अध्यक्ष महेश खंडेलवाल, पूर्व अध्यापक रामेश्वर बुनकर, नरेगा मेट गीता देवी, वार्ड पंच ताराचंद जांगिड़, अध्यापक सूरजमल, एलडीसी कन्हैया लाल, अध्यापक अमिता, शीला, ममता, भाग्यश्री, अन्य सभी जनप्रतिनिधि व कर्मचारियों ने 1,1, पौधे लगाए इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव के पंच पटेल मालचंद, लालाराम, गणेश, पूर्व सरपंच लालाराम, गोविंद, और गांव के युवा नेता रूपनारायण मीणा, और गांव की महिलाएं, लाइब्रेरी के बच्चे, स्कूल के छोटे बच्चे , और नरेगा की महिलाएं, सभी ने मिलकर ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अपना योगदान दिया।

# वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने की अपील



शार्दुलपुरा में पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया गया।

**सांभरझील,** (निसं)। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान के तहत क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों, सरकारी शिक्षण संस्थानों में पौधारोपण कर लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर उसके वृक्ष बनने तक सुरक्षा किए जाने का संकल्प दिलाया। ठााम पंचायत शार्दुलपुरा के सरपंच चंदालाल चौधरी ने ठााम विकास अधिकारी बन्नाराम खंडेलवाल व पंचायत स्टाफ की मौजूदगी में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण के दौरान कार्यक्रम अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण के संरक्षण में अपनी भूमिका अदा करें।

ठााम पंचायत के खेल मैदान में पौधारोपण के दौरान ठााम विकास अधिकारी कनिष्ठ सहायक प्रेमलता, पटवारी सुमन यादव, कृषि पर्यवेक्षक विनोद चौधरी, वार्ड पंच जगदीश प्रसाद स्वामी, श्रवण लाल, माया देवी पूर्व उप सरपंच बद्री नारायण चौहान, पशुधन सहायक कमलेश कुमार चौधरी, निरंजन निठारवाल व अनेक ठाामवासियों की मौजूदगी रही।

## शिविर में 45 कर्मचारियों की जाँच

**कोटपूतली।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खान एवं भू विज्ञान विभाग व अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के कोटपूतली सीमेंट वर्क्स यूनिट के हैल्थ केयर सैंटर में सिलिकोसिस जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में खान में कार्यरत कुल 45 कर्मचारियों की जाँच की गई। राजकीय बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय की टीम ने शिविर में अपनी सेवायें दीं। इस दौरान डॉ. विनय वर्मा, डॉ. रेणू वर्मा, डॉ. महिपाल शर्मा ने शिविर का निरीक्षण कर उचित मार्गदर्शन तथा खान में कार्यरत कर्मचारियों को सिलिकोसिस से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। कर्मचारियों को सेफ्टी हेलमेट, डस्क मास्क आदि का वितरण किया। खान में कार्य करते समय हमेशा डस्क मास्क पहनने की सलाह दी। शिविर में डॉ. देवेंद्र शर्मा, मुकेश, सविता, रमेश यादव, किरण समेत कोटपूतली सीमेंट वर्क्स से राजेंद्र कुशवाहा, हेमन्त श्रीवास्तव, संदीप सुरेवा, आशकरण योगी, प्रेमचन्द शर्मा, महक यादव, संजय यादव, अशोक कुमार सुरेलिया, विजय यादव ने अपना योगदान दिया।

# राज्यभर की सरस डेयरियों में लगे 2 लाख से अधिक पौधे

**जयपुर।** हरियालो राजस्थान - एक पेड़ मां के नाम सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन द्वारा 5 लाख पौधों के लक्ष्य के विरुद्ध हरियाली तीज के दिन तक 2 लाख से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं। यह पौधे राज्यभर की सहकारी डेयरियों और उनसे जुडे सरस पशु आहार संयंत्रों में लगाये गये हैं।

हरियाली तीज पर आरसीडीएफ की बस्सी स्थित फ्रोजन सीमन बैंक में डेयरी कर्मचारियों ने 600 से अधिक पौधे लगाकर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई । सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में आरसीडीएफ की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोड़ा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रही। इस अवसर पर उन्होंने डेयरी अधिकारियों / कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य अच्छा वातारण तैयार करना, वातावरण में आक्सीजन वृद्धि, छाया एवं ग्लोबल वार्मिंग से बचाव है। कार्यक्रम में डेयरी फैडरेशन और फ्रोजन सीमन बैंक, बस्सी के अधिकारियों / कर्मचारियों के साथ-



अभियान के तहत पौधे राज्यभर की सहकारी डेयरियों और उनसे जुड़े सरस पशु आहार संयंत्रों में लगाये गये हैं।

साथ एक बड़ी संख्या में महिला डेयरीकर्मी भी उपस्थित थी। आरसीडीएफ के विपणन सलाहकार प्रीतेश जोशी ने बताया कि इन दिनों राज्यभर की सहकारी डेयरियों में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं और आरसीडीएफ बहुत जल्दी राज्य सरकार द्वारा दिये गये 5 लाख पौधारोपण के लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

# रत्ना कुमारी फाउंडेशन ने लगाए 11000 पेड़

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान में रत्ना कुमारी फाउंडेशन ट्रस्ट ने अपनी सहभागिता निभाकर 11000 पौधे लगाए ट्रस्ट की

■ 'हम सबको जीने के लिए पेड़ लगाना बहुत आवश्यक है'

संस्थापिका भाजपा जिला उपाध्यक्ष रत्ना कुमारी शाहपुरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश अनुसार आज हमारे ट्रस्ट ने हरियालो राजस्थान के तहत जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में 11000 पेड़ लगाकर पर्यावरण का संरक्षण किया।

उन्होंने बताया की हमने और हमारी टीम ने सार्वजनिक स्थल सरकारी स्कूल हॉस्पिटल पंचायत



रत्ना कुमारी फाउंडेशन की ओर से सरकारी स्कूल, हॉस्पिटल, पंचायत भवन में पौधे लगाए।

भवन में पौधे लगाए और वितरण किए रत्ना कुमारी ने बताया की हम सबको जीने के लिए पेड़ लगाना बहुत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिससे हमारे जीवन में ऑक्सीजन की कमी नहीं होती पेड़ प्रतिदिन 230 लीटर ऑक्सीजन और एक पेड़ सालाना 30 लाख की ऑक्सीजन देता ह उन्होंने सभी से पेड़ लगाने का आग्रह किया । उन्होंने बताया की हमारा ट्रस्ट पिछले 5 सालो से सामाजिक गतिविधियों में कार्य कर रहा ह और आगे भी निरंतर कार्य करता रहेगा ।

इस दौरान साईवाड सरपंच विक्रम कुमार नारनोलिया गिरधारी कुमावत प्रह्लाद सहाय चंदोलिया तुलसीराम राम रैगर योगेश कुमार शर्मा तेजपाल यादव दयाशंकर अग्रवाल रामकुमार कुमावत खुशबू गुप्ता इंद्रा बंसल अशोक कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे ।

## महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**उनियारा/ चौरु।** अलीगढ़ सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पांच सुत्रिय चिकित्सा सेवाओं की मांगों को लेकर तीन दिन से सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पंचायत समिति सदस्य फोरु लाल मीणा के नेतृत्व में बैठे लोगों के सामने बुधवार सुबह 8 बजे के लगभग घुमक्कड़ जाति की एक महिला धर्मा देवी पत्नी बलराम भांड़ प्रसव पीड़ा से कहराती हुई अपने परिजन एवं पति के साथ सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची जहां प्रसव पीड़ित महिला को दर्द एवं रेफर के सिवाय कोई चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिली। परिणाम स्वरूप महिला को प्रसव पीड़ा से कहराते हुए उनियारा रेफर कर दिया गया, परिजनों को मजबुरन उनियारा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाना पड़ा जिसकी दुरी करीब दस किलोमीटर है। दर्द से कहराते हुए पीड़िता को दस किलोमीटर की दुरी और तय करनी पड़ी। प्रसव पीड़ा के समय कितना दर्द होता है यह तो पीड़िता ही बंया कर सकती हैं। वहीं जानकारी मिली है कि इस घटनाक्रम के करीब तीन घंटे बाद ही अलीगढ़ कस्बे की महिलाओं को सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप के माध्यम से पता चलते ही एकत्रित होकर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची।

# सांभर में टूटी सड़कों से राहगीर दुखी

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर में पृथ्वीराज सर्किल से नकाशा चौक, माता जी के चबूतरा से बड़ा बाजार, बड़ा बाजार से छोटा बाजार, छोटा बाजार से सीता सागर रोड, सिंधी बाजार से गोला बाजार, गोला बाजार से काला मार्ग, यहां से पांच बत्ती चौराहा तक के तमाम रास्तों पर बनी सड़कों की हालत संतोषजनक स्थिति में नहीं है।

कहीं अधिक गहरे गड्ढे, तो कहीं पर सड़कों का दूरी तक उखड़ जाने का दंश यहां की जनता लंबे समय से ही झेल रही है। ऐसा नहीं है कि गत बोर्ड में कोई शीशे की सड़क थी लेकिन हालात इतने खराब नहीं थे, अब तो दिनों दिन स्थिति और ज्यादा बद्तर होती जा रही है। वाहनों को गड्ढों से बचाने के लिए मजबूरन दुपहिया वाहन चालकों को लहराते हुए इसलिए गाड़ी चलानी पड़ती है की सड़कों के बीच-बीच में एक नहीं अनेक गड्ढे मिलते हैं, जिनसे बचना उनके लिए चुनौती भरा होता है। अब बारिश में तो हालात और ज्यादा विकट है। बारिश का पानी ऊपर खबर सड़कों पर गड्ढे में भरा ही मिलता है, राहगीरों के गंदे पानी तक के छींटे लगते रहते हैं। दुकानदार भी परेशान है, लेकिन ताजुब इस बात का है परेशानी झेल लेंगे, दुख उठा लेंगे, लेकिन चूं तक नहीं करेंगे। इसीका नतीजा है की वार्ड पार्षद भी इस समस्या को उठाने की जरूरत महसूस नहीं करते हैं। वह भी देखते हैं कि फालतू की बुखार कौन मोल लेवे। इसीलिए पर्यटन नगरी का स्वरूप धीरे-धीरे लगातार बदसूरत होता जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा का कहना हैं कि सड़कों का बजट तो खूब आता है, लगता है इस बजट को पालिका फाइलों में सड़क बनाना दिखाकर हजम कर लेती है, यह सब गुपचुप का खेल यदि भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम जांच करें तो सब चौड़े आ जाएगा। डांगरा का यह भी कहना है कि हमने कई दफ पालिका से अनुरोध किया है कि वह जनता की तकलीफों को समझ कर इस समस्या का निदान करें। अनेक लोगों का तो यहां तक भी कहना है कि भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचने की आवाजें सांभर में जगह-जगह से सुनाई दे रही है, लेकिन सब जगह पोपाबाई का राज है।

# मालपुरा में भूस्खलन से एक दर्जन से अधिक मकानों में दरारें आई

## भारी बारिश के बाद भूस्खलन से एक दर्जन मकानों में 6 इंच से 1 फीट तक दरारें आई

**मालपुरा, (निसं)।** दो दिन पूर्व मालपुरा में हुई भारी बारिश के बाद जलमग्न हुये दर्जनों गांवों में प्रशासन राहत कार्यों में जुटा रहा, तो टोरडी सागर बांध के ऑवरफ्लो पानी में बही रोडवेज बस के चालक का तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। एसडीआरएफ के जवान लगातार तीन दिन से बांध के बहाव क्षेत्र में रेस्क्यू कर रहे हैं।

सहोदरा नदी के बहाव क्षैत्र में बागडी रपटे से पानी के साथ बही 16 वर्षिय युवती को बुधवार की सवेरे एसडीआरएफ के जवानों ने रेस्क्यू अभियान के तहत नदी के बहाव क्षेत्र से मृत अवस्था में बरामद कर शव परिजनों को सौंपा। बुधवार को सहोदरा नदी का बहाव कम होने व नदी का उफान उतरने के बाद मालपुरा-केकड़ी सड़क मार्ग पर आवागमन शुरू हुआ। मालपुरा-टोडारायसिंह सड़क मार्ग पर भी पुलिया के उपर से वैकल्पिक आवागमन सुचारू हुआ। बांध के ओवरफ्लो पानी से प्रभावित कई गांव आज भी पानी से जलमग्न है। कलमंडा गांव का सरकारी विद्यालय तीन दिन से जलमग्न होने व विद्यालय भवन को भारी नुकसान की आशंका के बावजूद ग्राम पंचायत प्रशासन पानी की निकासी नहीं करने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सदरपुरा गांव के तालाब की सुरक्षा दीवार टूटने से अनहोनी को लेकर ग्रामीण भयभीत है।



भूस्खलन से मकानों मे आई दरारों का तहसीलदार राहुल पारिक ने जायजा लिया।


- तहसीलदार ने जायजा लिया, पुरानी तहसील मे दरके मकानों को खाली करने के निर्देश दिये
- नदी-नाले उफान पर रहे, बांध के ओवरफ्लो पानी में बही रोडवेज बस के चालक का नहीं लगा सुराग

वहीं भारी बारिश से तबाही के बाद बुधवार को शहर के पुरानी तहसील में चारभुजा मंदिर के पिछे हुये भूस्खलन से तकरीबन एक दर्जन मकानों में 6 इंच से 1 फीट तक दरारें आ जाने से लोगों में दहशत फैल गई। अचानक मकानों में आई दरारों से लोग अपने मकान छोड़ सुरक्षित स्थान की तलाश में जुट गये। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार व कार्यवाहक ईओ राहुल पारीक ने कस्बा पटवारी, गिरदावर व जेईएन के साथ मौके पर पहुंच दरारों में तब्दील हुये मकानों का जायजा लेकर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये।

साथ ही तहसीलदार ने मकानों में रह रहे लोगों को तत्काल मकान खाली कर सुरक्षित स्थान पर रहने के निर्देश दिये। इस दौरान मौजूद केबिनेट मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार जैन, सत्यनारायण विजय, गोविन्दनारायण विजय ने बताया कि भारी बारिश से बढ़े जल स्तर से हुये भूस्खलन के कारण मकानो में भारी भरकम दरारें आ गई है। पीड़ित मकान मालिक रघुनन्दन पटवारी, रामरतन विजय, कंचन देवी विजय, मथरा लाल गुर्जर, ओमप्रकाश दाधिच सहित अन्य को सुरक्षा दृष्टि से सुरक्षित स्थान पर शरण लेने की सलाह देते हुये राज्य सरकार से आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि की मांग की। साथ ही भारी बारिश से संवारिया में देवीशंकर शर्मा की दो दुकानें धराशाही हो गई। वहीं मैहरू गांव का तालाब ओवरफ्लो होकर तालाब की सुरक्षा दीवार टूट गई।

# लूणी नदी में पानी की आवक, लोगों ने नदी का स्वागत किया

## स्थानीय लोगों ने चुनरी ओढ़ाकर और विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर नदी का स्वागत किया



लूणी नदी में पानी की आवक होने पर लोगों की भीड़ पहुंची।

**बालोतरा, (निसं)।** पश्चिमी राजस्थान में लगातार मानसून सक्रिय होने के चलते अच्छी बारिश हो रही है। इसके बाद "मारवाड़ की मरूगंगा" लूणी नदी में भी पानी की आवक हुई है। बुधवार को लूणी नदी में पानी की आवक के बाद लोगों में खुशी देखी जा रही है। बुधवार को मरूगंगा लूनी नदी में पानी की आवक होने पर पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूसिंह राजगुरु, नगर परिषद सभापति सुमित्रा देवी जैन सहित सभी स्थानीय लोगों ने चुनरी ओढ़ाकर और विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर लूणी नदी का स्वागत किया। ढोल-नगाडों पर युवाओं से लेकर महिलाएं और बुजुर्ग भी नाचते-गाते नजर आए।

जानकारी के अनुसार लूणी नदी में लगातार दूसरी बार पानी की आवक हुई है। पिछले साल बिपरजॉय चक्रवात के दौरान बारिश में भी लूणी नदी में पानी की आवक हुई थी। लूणी नदी जोधपुर होते हुए बुधवार को रेगिस्तानी इलाके बालोतरा जिले में प्रवेश किया। नदी में पानी की आवक देखकर स्थानीय लोग खुशी से झूम उठे। लोगों ने जोश के साथ लूणी नदी का स्वागत किया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि लूणी नदी को मारवाड़ की मरूगंगा भी कहा जाता है। आमतौर पर नदी में फैक्ट्री का केमिकलयुक्त पानी छोड़ा जाता है, जिससे यह नदी पूरी तरह से दूषित हो गई है। पिछले पांच साल में लगातार दूसरी बार लूणी नदी में पानी की आवक हुई है। लूणी नदी में पानी की आवक होने से आसपास के जल स्त्रोत पुनः रिचार्ज होंगे। इससे किसानों को काफी फायदा होगा और इस पानी का लाभ किसानों को खेती के लिए मिलेगा। थार की मरूगंगा के नाम से विख्यात लूणी नदी का पानी बुधवार को बालोतरा शहर के छतरियों का मोर्चा तक पहुंच गया। खुशखबरी मिलते ही शहर के लोग नदी का पानी देखने पहुंचे। लगातार लूणी का पानी बालोतरा पहुंचने पर पूजा-अर्चना के साथ जलोत्सव मनाया। नदी के किनारे लागों की भीड़ रही। बीओटी पुल से ट्रैफिक बंद कर दिया। नदी में पानी आने पर पूर्व नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता मदन चौपड़ा, हितेश पटेल, विक्रमसिंह तंवर, सहित लोगों ने पूजा-अर्चना की। वहीं प्रशासन व पुलिस ने नदी के क्षेत्र का दौराकर आमजन को इससे दूर रहने की अपील की।

# पंकज सारस्वत हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

## आरोपी और मृतक पंकज के बीच गवाही को लेकर रंजिश चल रही थी

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** मेड़ता में हुये बहुचर्चित पंकज सारस्वत हत्याकांड के तीन मुख्य आरोपियों को नागौर व मेडता पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

मेडता डिप्टी पिंटू कुमार ने बताया कि पांच अगस्त को मेड़ता के भास्कर चौराहा पर पुरानी रंजिश में आरोपियों और पंकज सारस्वत के साथ आपस में हाथापाई हो गई, जिसके चलते आरोपी कानाराम और उसके पुत्र और पुत्र के दोस्तों ने मिलकर मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे सारस्वत को मेड़ता चिकित्सालय लाया गया जहां से अजमेर रेफर किया। जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। प्रार्थी दामोदर सारस्वत ने लिखित ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया, जिसके चलते नागौर पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार व मेड़ता वृताधिकारी पिंटू कुमार के नेतृत्व में एक टीम तैयार की, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुवे आरोपियों की तालाश जारी की।



पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिसमें दबिश देते हुये आरोपी कानाराम सामरिया, राजवीर खटीक व मोहम्मद अकरम को गिरफ्तार किया। आरोपी और मृतक के बीच गवाही को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी जिसके चलते आरोपियों द्वारा पंकज को लगातार धमकियां मिल रही थी जिसके चलते भास्कर चौराहा पर आरोपियों ने मारपीट की जिसके चलते बड़े भाई दसरथ सारस्वत ने बीच बचाव किया जब तक पंकज सारस्वत घायल हो गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ जारी है।

# जन्मदिन मनाकर घर जा रही महिला से अश्लील हरकत

- पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दी, कांस्टेबल सहित छह जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

**अजमेर, (कासं)।** क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला से अश्लील हरकत करने व छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने परिजन के साथ थाने में कांस्टेबल और उसके छह अन्य साथियों के खिलाफ पर थाने में शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि जन्मदिन मनाकर घर लौट रही थी, आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर अश्लील हरकत की और धमकाया भी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्रिश्चियनगंज थाने के एसआई नारायण सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने लिखित शिकायत देते हुए एक कांस्टेबल सहित उसके छह अन्य साथियों के खिलाफ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ कर धमकाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि वह पुष्कर से जन्मदिन पार्टी मनाकर लौट रही थी। वैशाली नगर क्षेत्र में पुलिस कांस्टेबल पीयूष सोनी उसके साथ देवा गुर्जर सहित अन्य लोगों ने शराब के नशे में अश्लील हरकत करते हुए भद्दे कमेंट्स किए। पीड़िता ने कहा कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

क्रिश्चियन गंज थाने में पीड़िता ने शिकायत में बताया कि 22 जुलाई को उसका जन्मदिन था। वह अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाने के लिए घर से निकली थी। बीच रास्ते में देवा गुर्जर नाम के लड़के का ग्रुप वहां पर खड़ा था, जिसमें कांस्टेबल पीयूष सोनी भी मौजूद था। यह सभी लोग देवा गुर्जर का जन्मदिन मना रहे थे। तभी आरोपियों ने शराब के नशे में रास्ता रोका और शराब के नशे में आरोपी देव गुर्जर छेड़छाड़ की, साथ ही पूनम चंद नाम के व्यक्ति ने अश्लील हरकतें की। इसके बाद वह चिल्लाने लगी। इसमें कांस्टेबल पीयूष भी शामिल था। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वह अजमेर शहर में सुरक्षित नहीं है और उसके दोस्तों के साथ भविष्य में वह घटना कारित कर सकते हैं, जिसके जिम्मेदार कांस्टेबल और आरोपी देवा गुर्जर व उसका ग्रुप होगा। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 17 फीट भराव क्षमता वाला भीम तालाब लबालब



भीम तालाब की चादर चलने पर कस्बेवासियों का सैलाब उमड़ा।

**भीम, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित 17 फीट की भराव क्षमता वाले भीम तालाब की चादर बुधवार सुबह ही शुरू हो गई। कस्बेवासियों एवं आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि देर से ही सही लंबे इंतजार के बाद बादलों ने क्षेत्रवासियों की पुकार सुन ली, जिससे भीम का मुख्य तालाब अपनी भराव क्षमता 17 फीट तक लबालब हो गया।

भीम का तालाब भरने से आमजन हर्षित है। पेयजल, कृषि, पशु तथा अन्य प्रयोजन हेतु लोग बारिश पर आश्रित रहते हैं। कस्बे में निरंतर चौथे दिन भी रिमझिम फुहारों के साथ मूसलाधार बारिश रुक-रुक होती रही, जिसका मार्केट पर असर देखने को मिला। दूसरी ओर जलदाय उपभोक्ताओं का दुर्भाग्य है कि नलों में काफी दिनों से सात-सात दिन तक पानी के दर्शन नहीं होते। विभाग के भोमादेह स्त्रोत पर आपूर्ति के लिए लगी मोटर जल जाने से हफ्ते में मात्र एक बार पानी नलों तक पहुंच पा रहा है, जिससे आम नागरिक त्रस्त है।

# विद्युत लाइन से डंपर में करंट, चालक की मौत

**पाटन, (निसं)।** देई माई मंदिर के पास स्थित केबीआर धर्मकांटा के ऊपर से जा रही 11 हजार विद्युत लाइन का तार डंपर के टच हो जाने से डंपर में करंट आ गया। हालांकि चालक ने अपने आपको बचाने के लिए गाड़ी से नीचे उतरने की कौशिश भी की परन्तु वह उतर नहीं सका, जिस कारण चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

मृतक चालक महावीर यादव (50) पुत्र सोहनलाल यादव निवासी ढाणी मिंडाला तहसील पाटन का रहने वाला था, जो रामानंद शर्मा के डंपर का चालक था। घटना की जानकारी मिलते ही मिंडाला की ढाणी से सैंकड़ों लोग घटना स्थल पर पहुंच गये तथा मृतक की स्थिति देख उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया। लोगों ने आरोप लगाने शुरू कर दिए कि महावीर की मौत करंट लगने से नहीं हुई है, अपितु इसकी मौत कहीं अन्य जगह पर हुई है। पाटन थानाधिकारी विक्रम सिंह मय जाब्ता घटना स्थल पर पहले ही पहुंच चुके थे। एक बार तो मृतक का शव देखकर हर किसी को ऐसा ही लगता था कि घटना कहीं और घटी है परंतु धर्मकांटे पर लगे सीसीटीवी फुटेज को चैक किया गया तो वाकई चालक द्वारा डंफर के ट्रोले का जैक भूलवश खड़ा रह गया जो डंपर के उपर से जा रही 11 हजार विद्युत लाइन को टच हो गया। जिसके चलते ही डंपर में करंट दौड़ गया और चालक की दर्दनाक मौत हो गई। नीमकाथाना उप पुलिस अधीक्षक अनुज डाल भी घटना स्थल पर पहुंच गए। एक बार तो परिजनों ने पाटन नीमकाथाना रोड को जाम करने की कौशिश भी की, परन्तु पुलिस की समझाइश से दोनों पक्षों के समझोते के बाद उन्होंने अपना जाम हटा दिया।

# नाबालिग ने फांसी लगाई

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के माथुगामडा पाल फला डूंगर गांव में एक नाबालिग ने अपने घर में फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली। घटना के समय किशोरी घर में अकेली थी और घर के दरवाजे की अंदर से कुंदी लगी हुई थी। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सदर थाने के एएसआई ने बताया कि माथुगामडा पाल फला डूंगर निवासी लाला पुत्र लक्ष्मण कटारा ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी बेटी लीला कटारा घर पर अकेली थी। उसकी मां घास लेने के लिए खेत पर गई थी। घास लेने के बाद जब लीला की मां कविता घर लौटी तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। जिसके बाद कविता ने अपनी भतीजी को खिड़की से अन्दर भेजा और दरवाजा खुलवाया। जब कविता घर के अन्दर घुसी तो देखा कि लीला फंदे से लटकी हुई थी।

# पावटा में दो ट्रक पलटे, बड़ा हादसा टला

- चालक ने कूदकर जान बचाई, दो किमी तक लगा जाम

**पावटा, (निसं)।** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 राजमार्ग का ड्रेनेज सिस्टम फेल होने के चलते हाईवे पर भर पानी की वजह से बड़ा हादसा हो गया। बावड़ी बाबा बालकनाथ मंदिर के पास हाईवे पर बरसात के मौसम में हमेशा पानी भरा रहता है।

बुधवार सुबह से ही क्षेत्र में हो रही बूंदाबांदी की वजह से राजमार्ग पानी के नाले में तब्दील हो गया। दोपहर एक बजे बावड़ी मंदिर के समीप पानी होने के चलते आगे चल रहे कंक्रीट मिक्सर ट्रक हाईवे पर भर पानी से बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया साथी पीछे से आ रहे ट्रक भी अनियंत्रित होकर 6 फीट ऊपर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई। सूचना पर मौके पर पहुंची प्रागपुरा थाना पुलिस ने क्रेन की सहायता से ट्रक को हटवाकर जाम खुलवाया।

ट्रक ड्राईवर अजीत ने बताया कि बुधवार को भीलवाड़ा से बावल की ओर कोयले से भरा ट्रक जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर पावटा बावड़ी के पास ट्रक पहुंचा तो रोड का मरम्मत कार्य के चलते कंक्रीट मिक्चर मशीन को बचाने के चक्कर मे चालक संतुलन खो बैठा। ट्रक बेकाबू होकर हाईवे के डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। वहीं ट्रक ड्राईवर अजीत ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की सहायता से ट्रक को हटवाया।

# अजमेर में रिमझिम बारिश जारी

**अजमेर, (कासं)।** प्रदेश में सक्रिय मानसून के चलते बीते तीन दिनों में अजमेर में हुई तेज बरसात के बाद बुधवार को भी आसमान में दिनभर बादल छाए रहे और दिनभर रिमझिम बौछार गिरती रही, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। शहर की ऐतिहासिक आनासागर चौपाटी सहित पिकनिक व पर्यटन स्थल लोगों की भीड़ से आबाद हो गए। वहीं मौसम विभाग ने अजमेर में येलो अर्ल्ट जारी किया है। बीते तीन दिन से अजमेर शहर सहित जिले भर में हो रही बरसात के बाद बुधवार को रिमझिम बरसात का दौर जारी रहा। आसमान में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार अजमेर का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम ने शहरवासियों को ठंडी हवाओं का भी अनुभव कराया, तेज हवाओं ने मौसम को और भी खुशगवार बना दिया।

# युवक ने आत्महत्या की

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के पंथाल गांव में एक युवक ने अपने ही घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नही हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिछीवाड़ा थाने के एएसआई ने बताया कि पंथाल निवासी सुरेश पुत्र देवा गमेती ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि वह मोदर में सिंलाई का काम करता है। रात को वह अपने घर गया। जहां उसके दो मकान हैं। एक मकान में खाना बनाते हैं और दूसरे मकान में सोते हैं। परिवार के लोग खाना बनाने वाले मकान में मौजूद थे। वहीं, उसका बेटा संदीप गमेती वहां मौजूद नहीं था। खाना बनने पर संदीप को बुलाने के लिए दूसरे मकान पर गए तो देखा कि संदीप फंदे से लटका हुआ था। परिजन उसे फंदे से उतारकर बिछीवाड़ा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टर ने उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल ले जाने के लिया कहा। जिस पर परिजन संदीप को देर रात डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भारी मात्रा में अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

## आरोपी ने मुर्गा फार्म में अवैध शराब की दुकान खोल रखी थी

**खेतड़ी, (निस)।** खेतड़ी नगर पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी व देशी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने देवता से ढाणी बाढान जाने वाले रास्ते पर मुर्गा फार्म में एक अवैध शराब की ब्रांच खोल रखी थी।

एएसआई विजय भडिया ने बताया कि रात को गश्त के दौरान डीएसटी एचसी दिनेश कुमार को मुखबीर के जरिए सूचना मिली कि एक व्यक्ति देवता से ढाणी बाढान जाने वाली रोड पर मुर्गी फार्म में एक दुकान में अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर एसपी नीमकाथाना प्रवीण नायक नूनावत के निर्देश पर थानाधिकारी विजय सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर डीएसटी एचसी दिनेश कुमार द्वारा मिली सूचना पर देवता से करीब एक किमी ढाणी बाढान जाने वाली रोड पर स्थित मुर्गी फार्म के सामाने पहुंचे तो वहां पर मोहनपुर थाना सदर नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र अशोक कुमार धानक लोहे की टीनों से बने हुए कमरे में अवैध अंग्रेजी शराब, बीयर तथा देशी शराब अवैध रूप से बेचता हुआ मिला। आरोपी से से दुकान में रखी शराब के लाइसेंस के बारे में पूछताछ की तो संतोषपूर्वक जवाब नहीं दिया, जिस पर पुलिस ने आरोपी देवेंद्र कुमार को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अंग्रेजी, बीयर व 1248 पव्वे देशी शराब जब्त किए। अवैध शराब बैचने वालों के खिलाफ कार्रवाई में विशेष भूमिका नीमकाथाना डीएसटी एचसी दिनेश कुमार की रही।



पुलिस ने अवैध शराब सहित एक जने को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस की ओर से संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस दौरान यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम में एएसआई विजय सिंह, एचसी दिनेश कुमार, कांस्टेबल रोहिताश, संजय, रामु सैनी, बलवीर, विधाधर, नेमीचंद, अमरचंद, अनिल, चन्द्रपाल आदि शामिल थे।

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय जयपुर

क्रमांक :- प.4(17)(293)/जांच/वि.बो./ दिनांक :- 06/08/2024

सूचना

श्री राहुल सिंह, वरिष्ठ सहायक, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड जयपुर को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 09.04.2024 से लगातार बिना सूचना एवं बिना अवकाश स्वीकृत कराये स्वैच्छा सेवा से अनुपस्थित चले रहे है। आपको दिनांक 30.04.2024 एवं 09.05.2024 को नोटिस दिये गये, लेकिन आप ड्यूटी पर उपस्थित नही हुए। इस कारण आपके विरूद्ध राजस्थान असैनिक सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 17 के अंतर्गत नोटिस आपके निवास के पते पर राजकाज रेफ 7509581 दिनांक 27.05.2024 एवं 7748693 दिनांक 04.06.2024 द्वारा जरिये रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट डाक प्रेषित किये गये, जो बिना तामील वापस लौटकर आ गये। लेकिन आप आज तक कार्यालय में उपस्थित नही हुए है। आपको इस समाचार पत्र के माध्यम से भी सूचित किया जाता है कि आप इस प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में अपनी उपस्थिति कार्यालय में देवें एवं इस संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण लिखित कथन प्रस्तुत करें, अन्यथा आपको स्वैच्छा से अनुपस्थिति मानते हुए नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

महाप्रबन्धक (प्रशासन)
अनुशासनिक प्राधिकारी

राज.संवाद/सी/24/3448

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड
HINDUSTAN COPPER LIMITED
www.hindustancopper.com

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति
वॉक इन साक्षात्कार

1. माइनिंग मेट – 03 पद

इच्छुक पात्र उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए दिनांक 23.08.2024 (शुक्रवार) को वार्तालाप कक्ष (कान्फ्रन्स हाल), द्वितीय तल, प्रशासन भवन, खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लैक्स में प्रात: 11.00 बजे रिपोर्ट करें। साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को टीए/डीए देय नहीं होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की वेबसाइट www.hindustancopper.com देखें। इस संबंध में किसी भी प्रकार के संशोधन या परिवर्तन के लिए हमारी उक्त वेबसाइट देखें।

खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लैक्स, पो.ऑ: खेतड़ी नगर-333504
जिला: नीम का थाना, राजस्थान



कथन

यह किसी भारतीय एथलीट के साथ हुई सबसे विनाशकारी घटना है और ऐसा संभव होता तो वह अपना पदक विनेश को दे देतीं। मेरा दिल घबराया हुआ और परेशान है विनेश ने जो किया है वह कल्पना से परे है। यह शायद

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## रियान पराग

भारत और श्रीलंका के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारत के रियान पराग ने आज डेब्यू किया। अपने डेब्यू मैच में तीन विकेट लेकर रियान पराग ने इतिहास रच दिया। वे भारत के सातवे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने अपने डेब्यू मैच में तीन या इससे ज्यादा विकेट लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें छटवें गेंदबाज के रूप में गेंदबाजी दी। जब वे गेंदबाजी करने आए तो श्रीलंका मजबूत स्थिती में था। रियान ने अविष्का फर्नांडो, कप्तान चरित असलंका व दुनित वेल्लालगे को पवेलियन भेजा।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट के इतिहास में केवल चार टेस्ट सीरीज बिना हार-जीत के समाप्त हुई जिनका प्रत्येक मैच ड्रॉ रहा, इनमें से दो सीरीज लगातार भारत और पाकिस्तान के बीच हुई।

# बेहद दुखद... कुछ ग्राम अधिक वजन पाये जाने पर विनेश फोगाट अयोग्य घोषित

पेरिस, 7 अगस्त। पेरिस ओलिंपिक में बुधवार को महिलाओं की 50 किग्रा की स्पर्धा से भारतीय पहलवान विनेश फोगाट का वजन कुछ ग्राम अधिक पाये जाने पर उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय ओलिंपिक संघ ने इस स्थिति पर खेद व्यक्त किया है। आधिकारिक बयान में बताया गया कि आज सुबह विनेश का वजन कुछ ग्राम अधिक पाया गया और यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग नियम के तहत उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है। भारतीय ओलिंपिक संघ ने एक बयान जारी कर इस स्थिति पर गहरा खेद व्यक्त किया।



आईओए ने बयान में कहा, यह खेदजनक है कि भारतीय दल महिला कुश्ती 50 किग्रा वर्ग से विनेश फोगट को अयोग्य घोषित किए जाने की खबर साझा करता है। रात भर टीम द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, आज सुबह उनका वजन 50 किग्रा से कुछ ग्राम अधिक था। इस समय दल द्वारा कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। भारतीय दल आपसे विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। वह मौजूदा प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहेगा। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के नियमों के अनुसार फोगट को इस स्पर्धा की रैंकिंग में अंतिम स्थान पर रखा जाएगा। यह निर्णय भारतीय पहलवान के असाधारण प्रदर्शन का एक नाटकीय और निराशाजनक अंत दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को विनेश फोगाट ने लगातार तीन मुकाबलों मे जीत दर्ज करते हुए महिलाओं की 50 किग्रा स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई थी।

# वेटलिफ्टर मीराबाई चानू मेडल की रेस में

## स्नैच में नंबर-3 पोजिशन पर रही


### क्लीन एंड जर्क में टारगेट 107 रखा

पेरिस, 7 अगस्त।भारतीय वेटलिफ्टर मीराबाई चानू पेरिस ओलिंपिक में मेडल की रेस में हैं। वे 49 वेट कैटेगरी के स्नैच में तीसरे स्थान पर रहीं। मीराबाई ने स्नैच के अपने पहले प्रयास में 85 का वजन उठाया है। वे दूसरे प्रयास में 88 उठाने में नाकाम रहीं। फिर आखिरी प्रयास में 88 उठाया। वे थाईलैंड की वेटलिफ्टर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।

रोमानिया की वैलेटिना मिहेला 93 उठाकर नंबर-1 पर रहीं। मीराबाई अब क्लीन एंड जर्क के पहले प्रयास में 107 उठाएंगी। चानू ने टोक्यो ओलिंपिक के पहले ही दिन 202 का वजन उठाकर भारत को सिल्वर मेडल दिलाया था। एथलेटिक्स के ट्रिपल जंप इवेंट में भारत के प्रवीण चित्रावेल और अब्दुल्ला नरंगोलिंटेविडा फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहे। इससे पहले, भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम क्वार्टर फाइनल हार गई है। टीम इंडिया को जर्मनी ने 3-1 से हराया। रेसलर अंतिम पंघल राउंड ऑफ-16 में हार गई हैं। मिडिल डिस्टेंस रनर अविनाश साबले की 3000 मीटर बाधा दौड़ रात 1:13 बजे के बाद होंगे।



# विनेश फोगाट को अयोग्य करार देने पर राजनीतिक हलकों में निराशा, आक्रोश



नयी दिल्ली, 7 अगस्त। महिला भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलिंपिक में अयोग्य करार दिये जाने पर देश में राजनीतिक हलकों में तीव्र प्रतिक्रिया हुयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित विभिन्न राजनितिज्ञों ने इस घटनाक्रम को पीड़ाजनक बताया है और उम्मीद जतायी है कि फोगाट के साथ न्याय होगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, सरकार को अपील करने के लिए सभी प्रयास करने चाहिए और हमारे चैंपियन को न्याय प्रदान करें। हम लोग आपके साथ हैं विनेश फोगाट और हमारी प्रार्थनाएँ आपके साथ हैं। आपका साहस सदैव प्रेरणादायक है। हमें विश्वास है कि आप अधिक दृढ़ संकल्प के साथ रिंग में वापसी करेंगी।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक्स पर कहा, '' ओलिंपिक में विनेश फोगाट की हार ने करोड़ों भारतीयों की उम्मीदें जरूर तोड़ दी हैं। उनका खेल करियर शानदार है, जो विश्व चैंपियन को हराने के गौरव से चमक रहा है। यह दुर्भाग्य उनके शानदार करियर में एक अपवाद मात्र है, जिससे मुझे यकीन है कि वह हमेशा की तरह विजेता बनकर वापसी करेगी। हमारी शुभकामनाएं और समर्थन हमेशा उनके साथ है।'' केन्द्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने फोगाट को भारत की आशा की किरण और देश का गौरव बताते हुये कहा कि आज का आघात पचा पाना मुश्किल है लेकिन ऐसे ही क्षणों में आपकी वास्तविक शक्ति का निखार दिखता है। आपका जुझारूपन आपकी सबसे बड़ी ताकत रही है। हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराए जाने को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

# फोगाट को मिला पूरे खेल जगत का साथ, दी प्रतिक्रियाएं

## अयोग्य घोषित करना साजिश : अभय

नयी दिल्ली, 7 अगस्त। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एवं भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व उप-प्रधान अभय सिंह चौटाला ने महिला पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस 2024 ओलिंपिक में कुश्ती खेल के 50 कि.ग्रा. भार वर्ग में अयोग्य घोषित किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसमें साजिश की बू आ रही है। कुश्ती महासंघ और इंडियन ओलिंपिक एशोसिएशन के अलावा जो चीफ डेलिगेशन गया है उन सभी को महिला पहलवान खिलाड़ी विनेश फोगाट के समर्थन में खुलकर आना चाहिए और इस घटना को गंभीरता से लेते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक संघ में कड़ी आपत्ति दर्ज करनी चाहिए ताकि विनेश फोगाट को न्याय मिल सके।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के समक्ष विरोध दर्ज

केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि भारत ने महिला पहलवान विनेश फोगाट के मुद्दे को लेकर अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि जहां तक उनकी तैयारी के लिए सहायता का प्रश्न है, भारत सरकार ने विनेश की उनकी आश्वयकता के अनुसार हर संभव सहायता प्रदान की है। उसके लिए पर्सनल स्टार भी नियुक्त किया गया है जो कि अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ है। उनके साथ हंगरी के विख्यात कोच वोलेर अकोस और फिजियो अश्विनी पाटिल हमेशा साथ रहते है। इनको ओलिंपिक के लिए इनके अतिरिक्त व्यक्तिगत सहायक स्टाफ जैसे विभिन्न स्पारिंग पार्टनर्स, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विशेषज्ञ, के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

## विनेश तुम हिम्मत व नैतिकता की गोल्ड मेडलिस्ट हो : बजरंग



पहलवान बजरंग पुनिया ने विनेश फोगाट को अयोग्य करार देने के बाद कहा कि विनेश हिम्मत और नैतिकता की गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, विनेश तुम हिम्मत और नैतिकता की गोल्ड मेडलिस्ट हो। माटी की बेटी हो इसलिए ये मेडल भी माटी का है। बहुत हौसले से लड़ी हो। कल जब खेलने से पहले ओलिंपिक ऑफिशियल्स ने आपका वजन लिया तो आपका वजन एकदम परफेक्ट था। आज सुबह जो हुआ उसपर कोई यकीन नहीं करना चाहता।100 ग्राम। यकीन ही नहीं हो रहा कि यह तुम्हारे साथ हुआ है। पूरा देश आंसू नहीं रोक पा रहा है। उम्मीद करता हूं कि ओलिंपिक खेल रहीं दुनिया की सभी महिला पहलवान विनेश के साथ सॉलीडेरिटी में खड़ी होंगी।

## फोगाट हमेशा एक चैम्पियन रहेगी : सिंधु

इस घटनाक्रम पर पीवी सिंधु ने पोस्ट किया है कि प्रिय विनेश फोगाट, आप हमारी नजर में हमेशा एक चैंपियन रहेंगी। मुझे पूरी उम्मीद थी कि आप गोल्ड जीत सकती हैं। उन्होंने कहा, मैंने पीडीसीएसई में आपके साथ जो थोड़ा समय बिताया वह एक जबरदस्त इच्छाशक्ति वाली महिला को बेहतर बनने के लिए संघर्ष करते हुए देख रहा था। यह प्रेरणादायक था। मैं हमेशा आपके लिए यहां मौजूद हूं, पूरे यूनिवर्स की सकारात्मकता आपकी ओर भेज रही हूं।

## विनेश का जज्बा पदक से ज्यादा चमकता है : नीता अंबानी

रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष नीता अंबानी ने महिला पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलिंपिक में 50 किग्रा वर्ग में कुछ अधिक वजन पाये जाने पर अयोग्य घोषित किये जाने पर उनके प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि आपका जज्बा किसी भी पदक से ज्यादा चमकता है। वह एक चैंपियन फाइटर है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह और भी मजबूत होकर वापस आएगी। उसने बार-बार दिखाया है कि उसकी ताकत न केवल उसकी अविश्वसनीय जीत में है।

# विनेश का अयोग्य होना हैरान करने वाला, आईओए विनेश फोगाट के साथ : पीटी उषा



पेरिस, 7 अगस्त। विनेश फोगाट की अयोग्यता पर भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा का बड़ा बयान सामने आया है। पीटी उषा ने अपने बयान में कहा कि विनेश का अयोग्य होना बेहद चौंकाने वाला है। मैं कुछ समय पहले ओलिंपिक विलेज पॉलीक्लिनिक में विनेश से मिली और उन्हें भारतीय ओलिंपिक संघ, भारत सरकार और पूरे देश के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने आगे बताया कि हम विनेश को सभी चिकित्सा और भावनात्मक सहायता प्रदान कर रहे हैं। पीटी उषा ने आगे कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू लागू किया है और वह इसका यथासंभव सशक्त तरीके से पालन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं विनेश की मेडिकल टीम द्वारा रात भर किए गए अथक प्रयास से अवगत हूं ताकि वह प्रतियोगिता की आवश्यकताओं को पूरा कर सके। पीटी उषा और विनेश के पोषण विशेषज्ञ दिनशॉ पारदीवाला ने विस्तृत बयान में कहा कि हमने उनके बाल काटे, उसके कपड़े छोटे किए। हर संभव प्रयास किया।

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने पहलवान विनेश फोगाट को ओलिंपिक में अयोग्य ठहराए जाने पर बुधवार को लोकसभा में बयान दिया। उन्होंने कहा कि पहलवान विनेश फोगाट को 100 ग्राम अधिक वजन के कारण 50 किलोग्राम वर्ग ओलिंपिक स्पर्धा से अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश फोगट की अयोग्यता पर भारतीय ओलिंपिक संघ ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के साथ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है।

# श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत को वनडे सीरीज में हराया

## श्रीलंका 2-0 से जीता, भारत को 110 रन से हराया

कोलंबो, 7 अगस्त। अविष्का फर्नांडो (96) और कुसल मेंडिस (59) की शानदार पारियों के बाद दुनित वेल्लालगे (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम श्रीलंका ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को 110 रन से हरा दिया है। इसकी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली हैं। श्रीलंका ने 27 सालों बाद भारत को द्विपक्षीय वनडे सीरीज में हराया है।

249 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पांचवें ही ओवर मे ए फर्नांडो ने शुभमन गिल (6) को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद आठवें ओवर में दुनित वेल्लालगे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आउट कर पवेलियन भेज दिया। उन्होंने 20 गेंदों में छह चौके और एक छक्का



लगाते हुय (35) रन बनाये। विराट कोहली (20) भी वेल्लालगे का शिकार बने। ऋषभ पंत (6), श्रेयस अय्यर (8), अक्षर पटेल (2), रियान पराग (15), शिवम दुबे (9), कुलदीप यादव (6) रन बनाकर आउट हुये। वॉशिंगटन सुंदर ने 25 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए 30 रनों की पारी खेली। एक बार फिर भारतीय टीम श्रीलंकाई स्पिन गेंदबाजों के आगेभ भारतीय बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिये और पूरी टीम 26.1 ओवर में 138 रन पर सिमट गई। श्रीलंका की ओर से दुनित वेल्लालगे ने 5.1 ओवर में 27 रन देकर पांच बल्लेबाजों को आउट किया। महीश तीक्षणा और जेफ्री वैंडरसे को दो-दो विकेट मिले। असिता फर्नांडो ने एक विकेट लिया।

इससे पहले आज यहां श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने भारत को जीत के लिए 249 रनों का लक्ष्य दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी पतुम निसंका और अविष्का फर्नांडो की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 89 रन जोड़े। 20वें ओवर में अक्षर पटेल ने पतुम निसंका (45) को ऋषभ पंत के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद अविष्का फर्नांडो और कुसल मेंडिस ने फिर से पारी को सभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 82 रनों की साझेदारी की। 36वें ओवर में रियान पराग ने शतक की ओर बढ़ रहे अविष्का फर्नांडो (96) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान चरित असलंका (10) भी पराग का शिकार बने। सदीरा समराविक्रमा (शून्य) को सिराज ने पगबाधा किया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक इंजीनियरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा संख्या/ कार्य का नाम:** इंजी./जय/2024-25/66 एडीईएन (मुख्यालय) आई-जेपी उप प्रभागः नागरिक संपत्तियों/ प्रणालियों के रखरखाव और संचालन के लिए तकनीकी सेवाएं प्रदान करना और जगतपुरा में पीएचओडी कॉलोनी, जीएम बंगला, रेल क्लब और अन्य सेवा भवन में प्रदान किए गए बागवानी कार्यों का रखरखाव (24 महीने की अवधि) **अनुमानित लागतः** ₹18040858.80/-, **बिड प्रतिभूति राशिः** ₹ 240200/- **(2) निविदा संख्या/ कार्य का नामः** इंजी./जय/2024-25/67 रेवाड़ी में आरसीसी ओवर हैड वाटर टैंक का निर्माण ओर मंडल इंजी. (पूर्व) जयपुर के खण्ड में अन्य कार्यों के साथ साथ रेवाडी और बांदीकुई के लिए जल स्रोत ओर जल वितरण नेटवर्क में सुधार। **अनुमानित लागतः** ₹27856499.02/-, **बिड प्रतिभूति राशिः** ₹ 239300/- **(3) निविदा संख्या/ कार्य का नामः** इंजी./जय/2024-25/68 सहायक मंडल इंजी.(लाईन) जयपुर उप मंडल सहायक मंडल इंजी. (लाईन) जयपुर के अधिकार क्षेत्र में विविध ट्रैक का कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹18868719.94/-, **बिड प्रतिभूति राशिः** ₹ 244400/- **(4) निविदा संख्या/ कार्य का नामः** इंजी./जय/2024-25/69 मंडल इंजीनियर (पूर्व) जयपुर के क्षेत्राधिकार में अन्य सहयोगी कार्य के साथ-साथ अलवर-बांदीकुई खंड में पीक्यूआरएस द्वारा ट्रैक नवीनीकरण का कार्य (38.676 किमी)। **अनुमानित लागतः** ₹99053110.57/-, **बिड प्रतिभूति राशिः** ₹ 645300/- **(5) निविदा संख्या/ कार्य का नामः** इंजी./जय/2024-25/70 जयपुर मंडल सहायक मंडल इंजी. अलवर के अधिकार क्षेत्र में विविध ट्रैक का कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹36532769.71/-, **बिड प्रतिभूति राशिः** ₹ 332700/- **(6) निविदा संख्या/ कार्य का नामः** इंजी./जय/2024-25/71 जयपुर मंडल-सहायक मंडल इंजी. बांदीकुई के अधिकार क्षेत्र में विविध ट्रैक का कार्य। **अनुमानित लागतः** ₹38200068.65/-, **बिड प्रतिभूति राशिः** ₹ 341000/- **(1)** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **(2)** निविदा संख्या इंजी./ जय/ 2024-25 से 71 की बन्द होने की तिथि 28.08.2024 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथि 28.08.2024 समय 16.00 बजे। **(3)** निविदा संख्या इंजी./जय/2024-25/69 M/s Dev Construction Co. Shyalawas Kala, Bandikui, District- Dausa-303313 में भाग नहीं ले सकेंगे। 923-DK/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



cont...

| | | | |
|---|---|---|---|
| | श्रीमती जमाना बाई पत्नी श्री सोहन लाल नागरची ( सह-ऋणी-2 ) श्री प्रभु लाल पुत्र श्री नारायण लाल ( जमानती ) | मई 24, 2024 तक एवं दिनांक मई 25, 2024 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 886.65 वर्गगज़ है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- देवीलाल- बक्शु गाडरी, पश्चिम- भेरुलाल ढ़ोली-नारायण ढ़ोली, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-आम रास्ता |
| 39. | HLR00000000015841 श्री किरण कुमार पुत्र श्री राम लाल सालवी ( ऋणी ) श्रीमति हीरा देवी पत्नी श्री राम लाल ( सह-ऋणी-1 ) श्री चेतन कुमार पुत्र श्री राम लाल ( सह-ऋणी-2 ) श्री ईश्वर लाल सालवी पुत्र श्री रतन लाल ( जमानती ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- मई 21, 2024 2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 1,38,170/- अक्षरे रूपये एक लाख अड़तालिस हजार एक सौ सत्तर मात्र दिनांक मई 24, 2024 तक एवं दिनांक मई 25, 2024 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्रीमती हीरा देवी पत्नी श्री रामलाल सालवी, की संपत्ति जो पट्टा न. 31, बुक न.-60, ग्राम-रामपुरिया, ग्राम पंचायत-नरेली, तहसील-करेड़ा, जिला-भीलवाड़ा ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 2700.00 वर्गफीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- सोनू-रति सालवी, पश्चिम-आम रास्ता, उत्तर- आम रास्ता व निकासी, दक्षिण- गली व रास्ता |
| 40. | HLR00000000016004 श्री छगन लाल पुत्र श्री केराराम जी ( ऋणी ) श्रीमति पुष्पा देवी पत्नी श्री केरा राम ( सह-ऋणी-1 ) श्री आज्ञा कुमारी पत्नी श्री शेषा राम ( सह-ऋणी-2 ) श्री धन्ना राम पुत्र श्री हरी राम ( जमानती ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- मई 21, 2024 2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 3,87,530/- अक्षरे रूपये तीन लाख सत्तासी हजार पांच सौ तीस मात्र दिनांक मई 24, 2024 तक एवं दिनांक मई 25, 2024 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री केराराम जी, की संपत्ति जो पट्टा न. क्रमांक/69-अ/2022-23/1328, महावीर बस्ती, नगर पालिका तखतगढ़, तहसील-सुमेरपुर, जिला-पाली ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 675.00 वर्गफीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- अन्य भूमि, पश्चिम-आम रास्ता, उत्तर-तुलसी देवी का मकान, दक्षिण-गोलुरम का मकान |
| 41. | HLR00000000013205 श्री लक्ष्मी लाल बलाई पुत्र श्री भोजा लाल ( ऋणी ) श्रीमति ग्यारसी देवी पत्नी श्री लक्ष्मी लाल बलाई ( सह-ऋणी ) श्री हरी शंकर बलाई पुत्र श्री राजू बलाई ( जमानती ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- मई 21, 2024 2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 3,50,720/- अक्षरे रूपये तीन लाख पचास हजार सात सौ बीस मात्र दिनांक मई 13, 2024 तक एवं दिनांक मई 14, 2024 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्री लक्ष्मी लाल बलाई पुत्र श्री भोजा बलाई, की संपत्ति जो पट्टा न. 43, बुक नं.-122, ग्राम-नीम का खेड़ा, तहसील-मांडल, जिला- भीलवाड़ा ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 635.50 वर्गफीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-मोहन पुत्र बालू बलाई, पश्चिम- आम रास्ता, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण- रामेश्वेर पुत्र भोजा बलाई |
| 42. | HLR00000000004312 श्री जीवराज सिंह राजपुरोहित पुत्र श्री प्रेम सिंह राजपुरोहित ( ऋणी ) श्री दिनेश सिंह पुत्र श्री जीवराज राजपुरोहित ( सह-ऋणी ) श्री हरी शंकर बलाई पुत्र श्री राजू बलाई ( जमानती ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- मई 21, 2024 2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 3,50,720/- अक्षरे रूपये तीन लाख पचास हजार सात सौ बीस मात्र दिनांक मई 13, 2024 तक एवं दिनांक मई 14, 2024 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्री लक्ष्मी लाल बलाई पुत्र श्री भोजा बलाई, की संपत्ति जो पट्टा न. 43, बुक नं.-122, ग्राम-नीम का खेड़ा, तहसील-मांडल, जिला -भीलवाड़ा ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 635.50 वर्गफीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-मोहन पुत्र बालू बलाई, पश्चिम-आम रास्ता, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण- रामेश्वेर पुत्र भोजा बलाई |
| 43. | HLR00000000007442 श्री बर्दी चन्द ढ़ोली पुत्र श्री मोहन लाल ढ़ोली ( ऋणी ) श्री रामघणी देवी पुत्र श्री बर्दी चन्द ढ़ोली ( सह-ऋणी ) श्री दुर्गा लाल बारेठ पुत्र श्री राम सुख बारेठ ( जमानती ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- मई 22, 2024 2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 2,10,660/- अक्षरे रूपये दो लाख दस हजार सात सौ बीस मात्र दिनांक मई 13, 2024 तक एवं दिनांक मई 14, 2024 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्रीमती रामघनी देवी पत्नी श्री बर्दी चन्द ढ़ोली, की संपत्ति जो पट्टा न. 39, ग्राम-कुराडिया, तहसील-जहाजपुर, जिला-भीलवाड़ा ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1230.00 वर्गफीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-रास्ता, पश्चिम-गोपाल पुत्र केसरी ढ़ोली का मकान, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-प्रहलाद पुत्र मांगी लाल मीणा का मकान |
| 44. | HLR00000000014592 श्री बिदन दास पुत्र श्री विष्णु दास ( ऋणी ) श्रीमती गौरी पत्नी श्री बिस्सू ( सह-ऋणी ) श्री शुभम सज्जल पुत्र श्री गौतम सज्जल ( जमानती ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- मई 23, 2024 2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 4,14,730/- अक्षरे रूपये चार लाख चोदह हजार सात सौ तीस मात्र दिनांक अप्रैल 25, 2024 तक एवं दिनांक अप्रैल 26, 2024 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्रीमति गौरी बिस्सू पत्नी श्री बिस्सू, की संपत्ति जो प्लाट न. 72, खसरा नं. -4053, ग्राम-देवलीगाव, तहसील-देओली, जिला- टोंक ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 600.00 वर्गफीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-सुभाष मन्डल, पश्चिम- निजी प्लाट, उत्तर-रोड, दक्षिण-अन्य प्लाट |
| 45. | HLR00000000014687 श्री नंदा खटिक पुत्र श्री प्यारचंद खटिक ( ऋणी ) श्रीमती सोसी देवी पत्नी श्री नन्द खटिक ( सह-ऋणी ) श्री अशोल खटिक पुत्र श्री लादू लाल खटिक ( जमानती ) | 1 ) मांग पत्र की दिनांक- मई 23, 2024 2 ) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 4,03,020/- अक्षरे रूपये चार लाख तीन हजार एवं बीस मात्र दिनांक अप्रैल 24, 2024 तक एवं दिनांक अप्रैल 25, 2024 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्री नंदा खटिक पुत्र श्री प्यारचंद खटिक, की संपत्ति जो पट्टा न. 2471, वार्ड नं.-10, ग्राम-गोविन्दपुरा, तहसील-आसींद, जिला -भीलवाड़ा ( राज. ) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 330.00 वर्गफीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-भागू खटिक की सम्पति, पश्चिम-आम रास्ता, उत्तर-पारस की सम्पति, दक्षिण-जगदीश की सम्पति |

स्थान-उदयपुर
प्रकाशन की दिनांक- 08/08/2024

**अधिकृत अधिकारी**
एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड



**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. Agriculture University-Jobner)
Bhusawar (Weir) Bharatpur (Rajasthan)-32140
Mob: 9414714234 Email.dean.coabhusawer@sknau.ac.in

No.F.( )/Dean-COAB/2024/ 368 Dated: 06.08.2024

**NOTICE INVITING BID**

Bid for open tender regarding hiring manpower (Agriculture Purpose) are invited from interested bidders upto 11 AM, 21.08.2024 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state; www.sknau.ac.in University website.

**NIB code SKN2425A0098 and UBN is SKN2425SSOB00104.**

Raj.Samwad/C/24/3466 **DEAN**



**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
(सामुदायिक भवन, तारा नगर डी, खिरणी फाटक रोड, जयपुर)
क्रमांक :- जसअ/2024-25/85 दिनांक: 06.08.2024

**निविदा सूचना सं.- 08-09/2024-25**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयंपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (झोटवाडा जोन) से सम्बन्धित विकास कार्यों की निविदा आमंत्रित की जा रही है। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण दिनांक 07.08.2024 09.00 A.M. से नगर निगम, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http:;//sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है व अपलोड की जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का **Unique Bid Number (UBN) JMC2425WSOB00423 to JMC2425WSOB00424** हैं।

अधिशाषी अभियंता
(झोटवाडा जोन)
नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

राज.संवाद/सी/24/3453



**कार्यालय नगर परिषद कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड)**
क्रमांक-न.प.कोट./भूमि/2024/1335 दिनांक- 06.08.2024

प्रारूप-10 (नियम 6(7)

**लोक सूचना**

आवेदनकर्ता श्री मूसाराम पुत्र श्री ग्यारसी जाति गुर्जर निवासी मोहल्ला बडाबास, तहसील कोटपूतली, जिला कोटपूतली-बहरोड ने इस कार्यालय में नीे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (आवासीय) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली-बहरोड, कोटपूतली | बाडाबास (कोटपूतली) | 1149 | 0.6500 है. | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन ..... को जारी की गई है।

(धर्मपाल जाट) प्राधिकृत अधिकारी, नगर परिषद कोटपूतली



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा**

नं: एसएनटी-जेपी-08-2024-25, दि.: 02/08/2024 मंडल रेल प्रबंधक/सं.एवं.दू.सं., उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा का ऑनलाइन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। **कार्य का नाम व लोकेशन:** जयपुर मंडल में विभिन्न स्टेशनों/एलसी (कुल-33 आईपीएस) पर एचबीएल मेक आईपीएस (इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई) सिस्टम के विभिन्न मॉड्यूल/घटकों के परीक्षण/मरम्मत/प्रतिस्थापन हेतु 3 वर्ष के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव का अनुबंध। **अनुमानित लागत:** ₹1,54,14,644.52/- **बिड सिक्यूरिटी राशि:** ₹2,27,100/- **वेबसाइट पर टेंडर भरने की अंतिम तिथि और समय:** 29.08.2024 समय 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन:** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, पावर हाउस रोड, जयपुर। 919-DK/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**
(पं. दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)
क्रमांक- एफ-6 ( ) उपा.राज.-द्वितीय(सा.प्र.)/ननिज/2024/784 दिनांक- 05.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

मूल भूखण्ड संख्या 205 जयपुर का जयपुर पुरूषार्थी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सो.लि. जयपुर द्वारा श्री इन्द्रजीत बावा के नाम से क्षेत्रफल 502.77 वर्गगज भूमि का आवंटन किया गया था। दिनांक 12.05.1970 को नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या 205, राजापार्क जयपुर क्षेत्रफल 502.77 वर्गगज श्री इन्दजीत बावा पुत्र श्री कस्तुरी लाल बावा के नाम से पट्टा जारी किया गया। दिनांक 16.06.2005 को इन्द्रजीत बावा पुत्र श्री कस्तुरी लाल बावा द्वारा भूखण्ड संख्या 205, राजापार्क जयपुर की वसीयत अपनी पत्नी श्रीमती संतोष बावा के पक्ष में की तथा उक्त वसीयत अनुसार श्रीमती संतोष बावा की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड पर मालिकाना हक अपने पुत्र श्री हरविन्दर बावा का होगा। दिनांक 20.10.2016 को श्री इन्दरजीत बावा एवं दिनांक 03.12.2016 को संतोष बावा की मृत्यु हो गई। दिनांक 04.07.2024 को नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या 205 राजापार्क जयपुर क्षेत्रफल 502.77 वर्गगज श्री हरविन्दर बावा पुत्र स्व. श्री इन्दरजीत बावा एवं श्रीमती मीनाक्षी थवन पत्नी श्री राकेश थवन के नाम से ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किया गया। दिनांक 16.07.2024 को श्री हरविन्दर बावा पुत्र स्व. श्री इन्दरजीत बावा एवं श्रीमती मीनाक्षी थवन पत्नी श्री राकेश थवन द्वारा भूखण्ड संख्या 205, रामगली नं. 2 राजापार्क जयपुर कुल क्षेत्रफल 502.77 वर्गगज श्री कपिल भाटिया एवं श्री गौरव भाटिया पुत्रान श्री भूषण लाल भाटिया को बेचान किया गया। आवेदक द्वारा प्रस्तुत पटटे की प्रति वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, नाम हस्तान्तरण पत्र, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा श्री कपिल भाटिया एवं श्री गौरव भाटिया पुत्रान श्री भूषण लाल भाटिया के पक्ष में क्षेत्रफल 502.77 वर्गगज का ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। इस ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय) में प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

# प्रदेश में हरियाली तीज के दिन एक करोड़ से अधिक वृक्षारोपण

## 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, ''पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बन हरियालो राजस्थान का निर्माण करे''

जयपुर, 7 अगस्त (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। हम ईश्वर का वास मानकर वृक्षों, नदियों और पहाड़ों को पूजते हैं। राज्य सरकार द्वारा भी इसी सोच के साथ आज हरियाली तीज के अवसर पर एक ही दिन में प्रदेशभर में 1 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। इन पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधों की जियो टैगिंग भी की जाएगी। हम सभी को इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए, ताकि ''हरियालो राजस्थान'' का निर्माण हो सके।

शर्मा बुधवार को हरियाली तीज के अवसर पर दूदू के गाडोता में आयोजित 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव में उपस्थित जनसमूह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान वह धरा है, जहां मां अमृता देवी सहित, 363 लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जीवन का बलिदान किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण दिवस पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान शुरू किया, जो अब जनअभियान बन गया है। उन्होंने आमजन से ''एक पेड़ मां के नाम'' लगाने का संकल्प लेने की अपील की। शर्मा ने कहा कि मोदी की पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा से राज्य सरकार ने इस वर्ष ''मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान'' प्रारम्भ कर 7 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इस अभियान के तहत आगामी 5 वर्षों में

- मुख्यमंत्री ने कहा, आगामी 5 वर्षों में राजस्थान में 50 करोड़ वृक्ष लगाए जाएंगे।
- वन महोत्सव में मुख्यमंत्री ने अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार वितरित किए।

50 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे तथा पौधों को पेड़ बनाने के लिए पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल भी सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, आमजन की सहभागिता से स्मृति वन की तर्ज पर प्रत्येक जिले में ''मातृ वन'' की स्थापना की जायेगी, जिनमें विभिन्न प्रजातियों, जैसे बड़, पीपल, गूलर, पिलखन, नेती पीपल, माखन कटोरी इत्यादि पौधे लगाये जाएंगे। वृक्ष प्रेमियों को ''राज जिओ ट्री एप'' के माध्यम से 51 लाख प्रशस्ति पत्र वितरित किये जाएंगे। पौधों की देखरेख के लिए 2 हजार 'वन मित्र' लगाए जा रहे हैं, जिसके तहत इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी को संरक्षक के रूप में जिम्मेदारी दी जायेगी।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को जागरूकता से काम करना होगा, जिससे आने वाली पीढ़ी को हम एक स्वच्छ एवं सुरक्षित धरोहर दे सकें।



*प्रदेश में हरियाली तीज के मौके पर बुधवार को एक करोड़ से अधिक वृक्ष लगाए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी दूदू के गाडोता गाँव में वृक्षारोपण किया। यहाँ 75 वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि आगामी 5 वर्षों में प्रदेश में 50 करोड़ पेड़ लगाये जायेंगे।*

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने वृक्षारोपण की अनुपम पहल के तहत अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि राज्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए नित नए नवाचार किए जा रहे हैं, आने वाले दिनों में देश में सबसे ज्यादा पौधे राजस्थान में लगाए जाएंगे।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज अभय कुमार ने बताया कि मिशन हरियालो राजस्थान की थीम के तहत हरियाली तीज के अवसर पर दो करोड़ से अधिक पौधे राजस्थान में लगाए गये हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधिपूर्वक मंत्रोच्चार के साथ पीपल का पौधा लगाकर हरियालो राजस्थान अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने पेड़ को मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से जियो टैग भी किया तथा ड्रोन के माध्यम से बीजारोपण करने की तकनीक का निरीक्षण किया एवं स्वयं ड्रोन उड़ाकर परिसर में बीजारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने ''बर्ड्स ऑफ जयपुर'', ''खेजड़ी'' और ''मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान-2024'' पुस्तकों का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने महोत्सव में अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार के तहत वन विकास एवं वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए।

कार्यक्रम में देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भड़ाना, जिला प्रमुख रमा देवी, जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# एक दशक में बांग्लादेश...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

एक निम्नतम गरीब देश से क्षेत्र की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यस्था में तब्दील हो गया और इतना ही नहीं, उसने आर्थिक प्रगति के मामले में अपने पड़ोसी भारत को भी पीछे छोड़ दिया।

देश की प्रति व्यक्ति आय एक दशक में तीन गुना बढ़ गई और विश्व बैंक का अनुमान है कि गत 20 वर्ष में बांग्लादेश के 25 मिलियन लोग गरीबी की सीमा रेखा से ऊपर उठ गए। हसीना की सरकार ने गंगा नदी के आर-पार 2.9 अरब डॉलर के पद्म ब्रिज प्रोजेक्ट जैसे महत्वाकांक्षी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट हाथ में लिए। इनके लिए घरेलू फण्ड, लोन और विकास सहायता का इस्तेमाल किया गया।

लेकिन इन आर्थिक लाभों की महंगी कीमत चुकानी पड़ी। वर्ष 2014, 2018 और 2024 के संसदीय चुनावों पर विपक्षी पार्टियों के बहिष्कार, हिंसा और कम मतदान का साया रहा। जनता को नियंत्रित रखने के लिए हसीना की सरकार लगातार निरंकुश होती चली गई, जिससे लोगों में भय व्याप्त हो गया। वर्ष 2018 में लागू किया गया ''डिजिटल सिक्योरिटी एक्ट'' सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी के लिए अपने आलोचकों को, खासतौर पर ऑनलाइन विरोध को, चुप कराने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंटने का एक सक्षम हथियार बन गया।

सत्ता के केन्द्र पर जैसे-जैसे हसीना की पकड़ मजबूत होती गई, वैसे-वैसे प्रैस की स्वतंत्रता को परेशान होना पड़ा और नागरिक अधिकार सुनियोचित ढंग से दबा दिए गए।

अर्थव्यवस्था में जहां प्रगति हुई, वहीं अमीर-गरीब के बीच विभाजन की खाई भी बढ़ती गई। बैंक घोटालों की संख्या के साथ-साथ, बैंक लोन की किस्तें न चुकाने वाले लोगों की भी तादाद बढ़ गई। सी.एल..सी. पावर, वैस्टर्न मरीन शिपयार्ड और रिमैक्स फुटवियर जैसी कम्पनियां डिफाल्टर्स की सूची में शीर्ष पर थीं। डूबत ऋणों की मात्रा 965 से लेकर 1,649 करोड़ बांग्लादेशी मुद्रा तक पहुंच गई। समग्र आर्थिक प्रगति के बावजूद निरंकुश भ्रष्टाचार और बढ़ती आर्थिक असमानता के कारण जनता का असंतोष बढ़ गया।

बांग्लादेश की कुल आबादी 170 मिलियन है और यहां के करीब 18 मिलियन युवा बेरोज़गार हैं। बांग्लादेश दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। यह देश करीब 40 बिलियन डॉलर मूल्य के कपड़ों का निर्यात ग्लोबल मार्केट में करता है। यहां के रिटेल सैक्टर में महिलाओं सहित 4 मिलियन लोगों को रोजगार मिला है। लेकिन यह आर्थिक विकास देश के युवाओं को रोजगार देने में विफल रहा।

हसीना की आर्थिक उपलब्धियां जहां प्रशंसनीय हैं, वहीं उनका कठोर शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उपेक्षा उनके पतन का कारण बने। बांग्लादेश जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, वह अपने लोकांत्रिक संस्थानों के प्रति विश्वास बहाली एवं हाल ही वर्षों में उभरी असमानता के समाधान की चुनौतियों से भी जूझ रहा है।

बांग्लादेश का घटनाक्रम आर्थिक प्रगति और लोकतांत्रिक सुशासन के संतुलन के साथ ही पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के महत्व को रेखांकित करता है क्योंकि इनके बिना बहुतों की कीमत पर कुछ लोग लाभान्वित होते हैं।

हसीना अपने पूर्ववर्तियों, जैसे कि अलोकपिय्र रहे सेना प्रमुख एच.एम. इरशाद के विपरीत देश छोड़कर चली गईं। इरशाद जेल में रहे किन्तु देश छोड़कर नहीं भागे। हसीना अब पाकिस्तान के उन शासकों की जमात में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने अपने पक्ष में लड़ने के बजाए सुरक्षित देशों में शरण लेना बेहतर समझा।

क्या हसीना का कथानक बांग्लादेश के किसी अन्य पड़ोसी देश से मिलता-जुलता प्रतीत होता हैं?

# भारत के लिए अजनबी नहीं हैं ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कि रिपोर्ट बताती हैं, उनके पास 15 सलाहकारों की एक पूरी टीम होगी। यह टीम सम्भवत: सैन्य प्रमुख के प्रति जवाबदेह होगी, जिनके मार्गदर्शन के अन्तर्गत, अन्तरिम सरकार बनाई जा रही है। इस प्रकार, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वास्तविक सत्ता तो सेना के पास होगी तथा सलाहकारों की टीम सैन्य-शासन के निर्धारित ढ़ाँचे के अन्दर काम करेगी। अन्तरिम सरकार शीघ्र ही होने वाले अगले चुनावों का संचालन तथा निगरानी करेगी।

अन्तरिम सरकार की व्यवस्था यूनुस के अधीन रखे जाने का निर्णय, सैन्य प्रमुख, बाँग्लादेश के राष्ट्रपति तथा छात्रनेताओं की एक संयुक्त मीटिंग में लिया गया था। अन्तरिम सरकार के प्रमुख के रूप में मोहम्मद यूनुस के नाम का प्रस्ताव छात्र नेताओं ने रखा था। इसके बदले में, मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि आन्दोलनकारी छात्रों ने निरंकुश सरकार को अपदस्थ करने के लिये भारी कुर्बानियां दी हैं। अन्तरिम सरकार के प्रमुख के पद को स्वीकार करके, यूनुस के आन्दोलनकारी छात्रों की इच्छाओं के प्रति केवल सम्मान प्रकट कर रहे थे। अन्तरिम सरकार के समक्ष प्रमुख चुनौतियाँ होंगी - देश में शान्ति की बहाली, तथा हसीना के देश छोड़ कर चले जाने के बाद हो रही भयंकर हिंसा, जिसमें पिछले दो दिनों में कम से कम 500 लोग मारे गये हैं।

देश में तालिबानी हिंसा और अव्यवस्था की तस्वीरें दिखाई दीं। राजधानी में लोग मार दिये गये और उसके बाद, उनकी लाशें फ्लाई-ओवरों तथा पुलों से उल्टी लटका दी गई थीं।

# 'कोशिश मैडल जीतने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रदर्शन करके अपना कैरियर व आत्मसम्मान पुन: स्थापित करने के लिए एक जंग लड़ी। फोगाट के डिस्क्वालिफिकेशन के बाद, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तुरंत हरियाणा में उनके परिवार से मिलने गए।

इस साल हरियाणा के विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और कांग्रेस इसे एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की पूरी तैयारी में है, जबकि हरियाणा में भाजपा की स्थिति पहले ही कमज़ोर है। एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि इससे चुनाव में भाजपा को और नुकसान होगा।

सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से फोगाट के संबंध में लिए गए निर्णय का रिव्यू करने की मांग की है। तथापि, प्रश्न यह पूछा जा रहा है कि क्या यह प्रयास किया गया कि फोगाट को मैडल मिले, या यह सुनिश्चित करने का प्रयास हुआ कि फोगाट को मैडल न मिले?

# अमरावती से झाड़-झंखाड़ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बुधवार को राज्यमंत्रियों ने बुलडोजर पर चढ़कर अमरावती जंगल सफाई प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया है। समतल जमीन पर राज्य सचिवालय और विधानसभा का निर्माण होगा अब यह प्रोजेक्ट युद्ध स्तर पर चलेगा। जंगल सफाई अभियान एक माह में पूरा हो जाएगा। यह डैडलाइन खुद नायडू ने सैट की है। नायडू अमरावती को सर्वश्रेष्ठ एवं आधुनिक राजधानी बनाना चाहते हैं। अमरावती उनका ड्रीम प्रोजैक्ट था पर जगनमोहन रेड्डी ऐसा नहीं सोचते थे। उन्होंने पूरे 5 साल जनता व कोर्ट को यह समझाया कि तीन राजधानियां होनी चाहिए जो कि एक नयी सोच थी।

कोर्ट ने भी इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और जब नायडू चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने प्रोजैक्ट अमरावती फिर से शुरु कर दिया और इसके लिए भाजपा को केन्द्र में सरकार बनाने के लिए समर्थन देने के बदले केन्द्र सरकार से अनुदान हासिल कर लिया। उन्होंने अपनी सरकार में भी भाजपा को शामिल किया है।

# एन.सी.ई.आर.टी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

होनी चाहिए।

सदन के नेता ने यहाँ तक कहा कि मोदी सरकार की संविधान के प्रति वचनबद्धता किसी भी संदेह से परे है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, सरकार ने 'संविधान दिवस' मनाने का निर्णय लिया था। नड्डा ने कहा, ''संविधान पर हमला तो कांग्रेस सरकार ने जून 1975 में किया था। केन्द्र की कांग्रेस सरकार ने 90 से अधिक निर्वाचित राज्य सरकारें गिरायी थीं।''

केन्द्रीय शिक्षामन्त्री धर्मेन्द्र प्रधान भी इस बहस में शामिल हो गये तथा उन्होंने खड़गे के आरोपों को ''निराधार''बताया।






राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908